श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 14 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 जुलाई 2025 गुरुवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में मप्र के आठ शहरों के नाम, राष्ट्रपति ने दिल्ली में किया पुरस्कृत

## स्वच्छता में फिर सिकंदर मप्र के शहर, इंदौर आठवीं बार चैंपियन, भोपाल दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली,दोपहर मेट्रो,एजेंसी**

स्वच्छता के मामले में इंदौर फिर देश में नंबर वन पर रहा है, इसके साथ ही 8वीं बार यह देश का सबसे स्वच्छ शहर भी बन गया है। जबकि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल दूसरे नंबर पर रही। आज दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने मप्र के उज्जैन, बुधनी, देवास, शाहगंज, जबलपुर और ग्वालियर को भी सम्मानित किया है। इंदौर, उज्जैन एवं बुधनी को सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी, भोपाल, देवास और शाहगंज को राष्ट्रपति पुरस्कार, जबलपुर को विशेष श्रेणी एवं ग्वालियर को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया गया है। खास बात यह है कि भोपाल ने इस बार तीन स्थान की छलांग लगाई है और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की कैटेगरी में दूसरा स्थान हासिल किया है। यह पुरस्कार लेने के लिए भोपाल की महापौर मालती राय और





निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण पहुंचे। निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बताया कि छह साल बाद भोपाल फिर से टॉप-2 में आया है, इसलिए शहर में जश्न भी बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। स्वच्छता मित्रों और नागरिकों के साथ मिलकर लड्डू बांटे जाएंगे और सम्मान का जश्न मनाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले सर्वे में भोपाल 5वें नंबर पर था। कचरे की प्रोसेसिंग में सुधार और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था को और पुख्ता कर भोपाल ने दावा मजबूत किया है। वहीं, फरवरी में हुई जीआईएस की वजह से भी भोपाल को फायदा मिला है क्योंकि उस वक्त भोपाल को सजाने संवारने के काम बडे पैमाने पर हुए थे। बताया जाता है कि तब राजधानी में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के काम हुए। इसमें स्वच्छता से जुड़े काम भी शामिल थे। इसी दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण टीमें भी भोपाल पहुंची थी।

### भोपाल का अब तक का सफर

भोपाल ने 2017 और 2018 में लगातार दो साल स्वच्छता सर्वे में दूसरी रैंक हासिल की थी। हालांकि 2019 में भोपाल खिसककर 19वें नंबर पर आ गया। 2020 में 12 पायदान ऊपर खिसका और 7वीं रैंक हासिल की। 2021 के सर्वेक्षण में भी भोपाल ने 7वां स्थान हासिल किया था। 2022 के सर्वेक्षण में भोपाल की रैंक सुधरी और यह छठवें स्थान पर आ गया। वहीं, भोपाल को 5 स्टार मिले थे। 2023 के सर्वेक्षण में भी भोपाल की पांचवीं रैंकिंग रही थी। सबसे स्वच्छ राजधानी का तमगा मिलने की उम्मीद स्वच्छ सर्वेक्षण में इस बार भी थी कि मध्यप्रदेश के शहर बाजी मारेंगे।

### मध्यप्रदेश के 8 शहर हुए सम्मानित

मप्र के कई शहरों ने इस साल भी अपनी विजय पताका फहरा दी है। प्रदेश के आठ शहरों को इस राष्ट्रीय आयोजन में सम्मानित किया गया। इसमें सुपर लीग श्रेणी में इंदौर, उज्जैन और बुधनी हैं। इस श्रेणी में सिर्फ वे शहर शामिल किए जाते हैं, जिन्होंने पिछले तीन सालों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया हो और उत्तरोत्तर प्रगति की संभावनाएं सृजित की हों। आठ शहरों को अलग-अलग श्रेणियों में यह पुरस्कार मिला है। सुपर लीग श्रेणी में इंदौर, के बाद उज्जैन को पुरस्कार मिला है। उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, निगमायुक्त आशीष पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया।

## मप्र के चीफ जस्टिस बने सचदेवा, राज्यपाल ने दिलाई शपथ



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जस्टिस संजीव सचदेवा ने आज मप्र के 29वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें चीफ जस्टिस पद की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा समेत हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश विवेक अग्रवाल और सरकार के प्रतिनिधि मौजूद थे। जस्टिस सचदेवा दिल्ली बार काउंसिल में 88 को नॉमिनेट हुए थे और 1995 में सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट आन रिकार्ड नियुक्त जस्टिस सचदेवा को 24 मई 2025 को एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था।

## हिमाचल में बारिश से तबाही अमरनाथ यात्रा रुकी

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से अब तक 106 लोगों की मौत हो चुकी है। बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है। वहीं बिहार के नालंदा जिले में कई निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। झारखंड से बारिश का पानी नदी में आने की वजह से फल्गु नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बिजली गिरने से यहां 20 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने वाली 6 फ्लाइट्स डायवर्ट करनी पड़ीं हैं।

## बिहार को लेकर चुनाव आयोग पर बरसे राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कठपुतली बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग कम और भाजपा का 'चोरी आयोग' ज्यादा नजर आता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा 'बिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर रंगे हाथ वोट चोरी करता पकड़ा गया।



अब अहमदाबाद प्लेन क्रैश में नया दावा

## को-पायलट ने पूछा था फ्यूल स्विच कटऑफ क्यों किया..?

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अहमदाबाद में पिछले महीने क्रैश हुए एअर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर अब नया दावा सामने आया है। हालांकि इस पर पायलट के संगठन के कडी आपत्ति भी जताई है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी, यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकॉर्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा, आपने फ्यूल स्विच को 'कट ऑफ' पोजिशन में क्यों कर दिया?'

यह रिपोर्ट कहती है कि सवाल करते समय को-पायलट हैरान थे। उनकी आवाज में घबराहट थी, जबकि कैप्टन सुमीत शांत थे। सुमीत एअर इंडिया विमान के सीनियर पायलट थे। उनके पास 15,638 घंटे और को-पायलट क्लाइव कुंदर के पास 3,403 घंटे का उड़ान अनुभव था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने विमान हादसे की जांच करने वाले अमेरिकी अधिकारियों की शुरुआती जांच से परिचित लोगों का हवाला दिया है। इस रिपोर्ट पर भारत



के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय,उड्डयन मंत्रालय, बोइंग या एअर इंडिया की प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि ब्यूरो ने 12 जुलाई को ही प्लेन क्रैश पर अपनी शुरुआती जांच रिपोर्ट जारी की थी। इसमें बताया था कि फ्यूल स्विच अचानक रन से कटऑफ में चले गए थे, जिससे दोनों इंजन बंद हो गए। इस पर कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर पर एक पायलट को दूसरे से यह पूछते हुए सुना गया कि उसने फ्यूल क्यों बंद कर दिया। दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया। इधर एअर इंडिया के विमान हादसे की शुरुआती जांच रिपोर्ट को लेकर पायलटों के संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने आपत्ति जताई है। संगठन ने कहा कि बिना पूरी और पारदर्शी जांच के पायलटों पर दोष डालना जल्दबाजी और गैर-जिम्मेदाराना है।

## 15 हजार फीट पर आकाश प्राइम का परीक्षण कामयाब



**लद्दाख।** भारतीय सेना ने आज लद्दाख सेक्टर में 15,000 फीट से ज्यादा ऊंचाई पर स्वदेशी आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण सेना की वायु रक्षा इकाई और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में हुआ। परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत करने में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। परीक्षण में आकाश प्राइम मिसाइल सिस्टम ने बेहद तेज गति से उड़ने वाले लक्ष्य विमानों को दो बार सीधे निशाना बनाया। यह परीक्षण ऊंची और दुर्गम पहाड़ियों में जहां हवा पतली होती है वहां किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह सिस्टम भारतीय सेना की तीसरी और चौथी आकाश रेजिमेंट का हिस्सा बनेगा, जो देश की हवाई रक्षा को और मजबूत करेगा। आकाश प्राइम आकाश मिसाइल सिस्टम का एक उन्नत वर्जन है इसने हाल में आपरेशन सिंदूर में भी कई हमलो को नाकाम किया था।

## चुनावी दांव : बिहार में घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री



**पटना एजेंसी।** आखिरकार बिहार की नीतीश सरकार ने भी लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में देने का दांव चल दिया है। अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह ङ्ग पर इसका ऐलान किया। इससे 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा नीतीश ने लिखा - हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं।

## सीएम की टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश को लेकर स्पेन में बैठक

**भोपाल**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी स्पेन यात्रा के दौरान आज मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल सेक्टर और स्पेन के विश्वस्तरीय फैशन और वस्त्र उद्योगों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में चर्चा करेंगे। सीएम इस दौरान मप्र की नीतियों, कपड़ा और वस्त्र निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश, पीएम मित्र पार्क आदि विषयों पर निवेशकों से संवाद करेंगे। सीएम टेक्सटाइल सेक्टर में स्थायी निवेश को आकर्षित करने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण विषय पर ला-



कोरुना में अपने विचार रखेंगे। स्पेन यात्रा के दूसरे दिन मु यमंत्री आज सुबह मेड्रिड से ला कोरुना पहुँचेंगे। ला-कोरुना में इन्डिटेक्स कंपनी मुख्यालय का भ्रमण और कंपनी प्रतिनिधियों के साथ बैठकें करेंगे।

यूपी एटीएस के इनपुट पर एक्शन

## 100 करोड़ की फंडिंग, छांगुर बाबा के ठिकानों पर ईडी की रेड

**बलरामपुर एजेंसी**

उप्र में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी ने रेड की है। आज सुबह 5 बजे से बलरामपुर के 12 ठिकानों और मुंबई के 2 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की गई है। जानकारी के मुताबिक 100 करोड़ की फंडिंग के मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, यूपी एटीएस को छांगुर



बाबा गिरोह के हवाला नेटवर्क, संदिग्ध बैंक ट्रांजैक्शन और विदेशी फंडिंग के कई सुराग हाथ लगे थे। इस संबंध में एटीएस ने ईडी को दस्तावेज सौंपे थे।

## तहसीलदार को घर मिला, मगर जानवर नहीं पालने की शर्त

**श्योपुर।** टीवी क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति में 50 लाख जीत कर चर्चाओं में आई तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को कलेक्ट्रेट कार्यालय से जारी आवास आवंटन आदेश में अजीबोगरीब शर्तें जोड़ दी गई हैं। उन्हें चेतावनी दी है कि वह जानवर नहीं पाल सकती हैं। ऐसा पाए जाने पर आवास खाली कराया जाएगा। अब तहसीलदार ने इसे लेकर मोर्चा खोल दिया है और कलेक्टर के समक्ष आपत्ति जताई है। अमिता सिंह ने कहा कि आदेश उनके पद और गरिमा के खिलाफ है। उन्हें प्रताड़ित करने की मंशा से ये यह किया जा रहा है।



मेट्रो एंकर

विरासत के प्रति बेरुखी, भारत सरकार की पेशकश भी ठुकराई

## बांग्लादेश नहीं माना, मलबे में बदला सत्यजीत रे का घर

**कोलकाता, एजेंसी**

आखिर वही हुआ जिसका अंदेशा था, तमाम प्रयासों और अनुरोधों के बावजूद बांग्लादेश में मशहूर भारतीय फिल्म निदेशक स्व सत्यजीत रे का घर गिरा दिया गया। जिस घर ने दुनिया के महानतम सिनेमाई फिल्ममेकर में से एक को बडा किया, वह अब मलबे में बदल गई है। सवाल उठ रहा है कि क्या बांग्लादेश सरकार को ऐसे विशाल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्य वाले स्थल को संरक्षित करने की जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए थी?

सत्यजीत रे का यह घर बांग्लादेश में मैमनसिंह शहर में मौजूद था। इसे पहले मैमनसिंह शिशु अकादमी के नाम से जाना जाता था। भारत इस इमारत को संरक्षित करना चाहता था। इसके चलते भारत ने इमारत की मरम्मत और पुनर्निर्माण की



बांग्लादेश को पेशकश भी की। इमारत को संरक्षित करने के लिए भी कहा गया लेकिन सरकार ने रे का पैतृक घर गिरा दिया। प्रख्यात साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे चौधरी, इसी घर में रहते थे। वे प्रसिद्ध कवि सुकुमार रे के पिता और फिल्म निर्माता सत्यजीत रे के दादा थे। सौ साल पुरानी इस इमारत पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया गया है, इसी के चलते इसकी हालत खराब हो गई थी। इस मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यह अफसोसनाक है कि मैमनसिंह में वो संपत्ति, जो कभी फिल्ममेकर रे के दादा की थी उसको ध्वस्त किया जा रहा है. इस इमारत को बचाने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी कहा था कि ऑस्कर विजेता फिल्ममेकर सत्यजीत रे का ढाका में मौजूद पैतृक घर को कथित तौर पर बांग्लादेशी अधिकारी ध्वस्त कर रहे हैं। यह 100 साल पुरानी संपत्ति उपेंद्रकिशोर रे चौधरी की थी, जो बंगाली साहित्य और संस्कृति के एक दिग्गज थे। उन्होंने आगे कहा, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नजर से यह बेहद जरूरी स्थल था जिसको खंडहर में तब्दील करना हमारी विरासत पर एक आघात से कम नहीं है। सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश सरकार को कठोर निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिये। बनर्जी ने भारत सरकार से भी उचित द्विपक्षीय सहयोग शुरू करने की अपेक्षा की थी। इधर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर भजापा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने लिखा कि बंगाली विरायह सत को एक और झटका है। यह एक पुरानी संरचना का विनाश ही नहीं है, बल्कि इतिहास को मिटाने जैसा है।

### इसलिए तोड़ी गई इमारत

इस मामले में बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्टों में कहा गया है कि मैमनसिंह में स्थित एक सदी पुरानी संरचना को नई इमारत बनाने के लिए ध्वस्त किया जा रहा है। इस जगह पर बाल अकादमी चलाई जाती है, लेकिन पिछले 10 सालों से इमारत की हालत खराब होने के चलते अकादमी यहां से नहीं चलाई जा रही थी। इसी के चलते ढाका के बाल मामलों के अधिकारी, मोहम्मद मेहदी जमान ने कहा कि अकादमी की गतिविधियां शुरू करने के लिए इसको ध्वस्त करके कई कमरों वाली एक अर्ध-कंक्रीट इमारत बनाई जाएगी।

## अनदेखी का शिकार ओवर ब्रिज



भानपुर ओवर ब्रिज की हालत काफी समय से जर्जर नजर आ रही है। प्रशासन की अनदेखी से यहां से गुजरने वाले लोग भी चिंतित हैं।

आरजीपीवी: रैगिंग-मारपीट रोकने खास पहल

# अब अलग छात्रावास में रखे जाएंगे नए विद्यार्थी




**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने वरिष्ठ और कनिष्ठ विद्यार्थियों के बीच रैगिंग और मारपीट की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए इस सत्र से एक नई पहल की है। इस बार कनिष्ठ विद्यार्थियों को अलग छात्रावास में रखा जाएगा।

इसके अलावा इस बार मेरिट के आधार पर नए छात्रों को छात्रावास आवंटित किया जाएगा। अब किसी भी छात्र संगठन की सिफारिश पर छात्रावास आवंटित नहीं होंगे। इसके अलावा सख्त नियम भी बनाए गए हैं। प्रबंधन ने कहा कि यह निर्णय विवि के शैक्षणिक और अनुशासित माहौल को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। क्योंकि प्रदेश में सबसे अधिक आरजीपीवी में रैगिंग और मारपीट की घटनाएं यूजीसी की एंटी रैगिंग कमेटी में दर्ज हुई है।

विवि परिसर में कुल 5 छात्रावासों में लगभग 1460 छात्रों के रहने की व्यवस्था है, जबकि नए 1200 समेत 4 वर्षों के कुल 4500 छात्र-छात्राएं हैं। इस कारण प्रबंधन ने इस बार आवंटन मेरिट के आधार पर करने का निर्णय लिया है।

इसमें लड़कों को चंद्रशेखर आजाद छात्रावास में करीब 270 और भास्कराचार्य में 135 छात्रों को कमरे आवंटित किए गए हैं। वहीं लगभग 450 लड़कियों के लिए रानी अहिल्याबाई छात्रावास आवंटित किया गया है।

### छात्राओं के लिए लक्ष्मीबाई छात्रावास नर्धारित

वहीं द्वितीय, तृतीय और अंतिम वर्ष के 370 छात्रों के लिए एपीजे अब्दुल कलाम छात्रावास और 230 छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास निर्धारित किए गए हैं। इसे लेकर प्रो. एस.एस भदौरिया, संचालक, यूआईटी, आरजीपीवी यह ने बताया कि यह व्यवस्था विवि में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की गई है। 1200 आवेदन मिले है, नियमों और मेरिट के आधार पर रूम आवंटित किए जा रहे हैं।

### पुराने छात्रावास आवंटन को किया गया निरस्त

विश्वविद्यालय ने सभी पुराने छात्रावास आवंटन को पूरी तरह निरस्त कर दिसंबर 2024 की परीक्षा में प्राप्त मेरिट और मध्यप्रदेश शासन की आरक्षण नीति के आधार पर नए सिरे से रूम आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें लिए द्वितीय, तृतीय और अंतिम वर्ष के बालक छात्रावास के लिए 690 और कन्या छात्रावास के लिए 510 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

ईंटखेड़ी में खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

**भोपाल जिला पंचायत की बैठक में उठा था मुद्दा**

# मुरम से भरे 9 डंपर और 1 पोकलेन मशीन जब्त

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

**राजधानी के बैरसिया रोड स्थित ईंटखेड़ी में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। यहां से गुजर रहे 9 डंपर जब्त किए गए। इनमें कोपरा मुरम भरी हुई थी। एक पोकलेन मशीन भी पकड़ी। जिन्हें ईंटखेड़ी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। कइयों ने रास्ते ही बदल लिए।**

खनिज विभाग का अमला सुबह से शाम तक कार्रवाई में जुटा रहा। खनिज अधिकारी अशोक नागले ने बताया कि डंपर के साथ एक पोकलेन मशीन भी जब्त की गई है। कार्रवाई जारी है।



### कलेक्टर ने बैठक लेकर दिए थे निर्देश

सोमवार को इसी मामले में भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खनिज विभाग के अफसरों से कार्रवाई करने को कहा था। उन्होंने सभी खदानों पर तार फेंसिंग करने के निर्देश भी दिए थे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने बताया कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। बैरसिया इलाके में खनन माफिया सबसे ज्यादा सक्रिय है।



### एक सप्ताह से गूंज रहा अवैध खनन का मुद्दा

पिछले एक सप्ताह से अवैध खनन का मुद्दा सरगर्म है। भोपाल जिला पंचायत में 11 जुलाई को साधारण सभा की मीटिंग में भी यह मामला जनप्रतिनिधियों ने उठाया था। उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर आदि ने खनिज खदानों के आसपास तार फेंसिंग नहीं होने और अवैध खनन का मुद्दा उठाया था। उपाध्यक्ष जाट खनिज विभाग के अफसरों पर जमकर भड़के थे। उन्होंने कहा था कि सरकार पौधे रोप रही है। अभियान चला रही है। हमने भी जंगल और गांवों में पौधे रोपे, लेकिन खनिज खदानों के आसपास से इन्हीं पौधों को उखाड़ दिया गया। मेरे पास इसके सबूत हैं। यदि मैं गलत हूं तो इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा था कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। जिम्मेदार अफसरों का इस ओर ध्यान नहीं है। हमने जहां पर पौधे रोपे, उन्हें ही खनिज खदान संचालकों ने जेसीबी से उखड़वाकर फेंक दिया, जबकि खदान की निश्चित सीमा होती है और तार फेंसिंग कराना पड़ती है। पूरे जिले में नियम से ज्यादा खनन हो रहा है। इसमें जिम्मेदार भी शामिल हैं। इसके बाद कलेक्टर ने खदानों के आसपास तार फेंसिंग कराने को कहा है।

नवजात को जेपी-हमीदिया भेजने से पहले देनी होगी सूचना

# सीएमएचओ के नए आदेश अस्पतालों में रेफर केस का होगा साप्ताहिक ऑडिट

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

शहर में छोटे अस्पताल अब बिना सूचना के नवजात को बड़े अस्पताल नहीं भेज सकेंगे। अभी स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सिविल अस्पताल, ज्यादातर नवजात मरीजों को जेपी अस्पताल या हमीदिया अस्पताल रेफर कर देते थे। अब ऐसा करने पर कार्रवाई होगी।

यही नहीं, जरूरतमंद मरीज को यदि रेफर करने में देरी की गई तो भी संबंधित पर एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए हर सप्ताह इन अस्पतालों में रेफर केस का ऑडिट किया जाएगा। इसको लेकर सीएमएचओ भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बुधवार को आदेश जारी किए हैं। सिविल अस्पताल बैरागढ़ स्थित न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट का बुधवार को डॉ. शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट में भर्ती नवजातों के उपचार की स्थिति और डिस्चार्ज हो चुके बच्चों के फॉलोअप की जानकारी ली। 4 बिस्तरों वाले इस एनबीएसयू में हर माह 25 से 30 शिशुओं को किया जाता है।



### इमरजेंसी में ही होंगे रेफर

सीएमएचओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल इमरजेंसी में ही नवजातों को अन्य उच्च संस्थाओं में रेफर किया जाए। रेफर करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि जहां रेफर किया जा रहा है, वहां के चिकित्सक से संपर्क कर लिया गया हो।

# रेलवे रिजर्वेशन व्यवस्था में फिर बदलाव : अब सीट उपलब्धता की दोगुनी सीमा तक ही वेटिंग टिकट

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

रेलवे ने आरक्षण व्यवस्था में फिर से बदलाव किया है। नई व्यवस्था में वेटिंग टिकट जारी करने की अधिकतम सीमा फिर से तय की है। अब मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में एसी एग्जीक्यूटिव और प्रथम श्रेणी में उपलब्ध सीटों से दोगुने वेटिंग टिकट ही जारी किए जा सकेंगे।

शताब्दी-राजधानी श्रेणी की ट्रेनों में इस वर्ग में भी अधिकतम 60% वेटिंग टिकट जारी हो पाएंगे। नई व्यवस्था के तहत मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में एसी सेकंड, थर्ड और चेयरकार में वेटिंग की अधिकतम सीमा उनकी सीट उपलब्धता का 60% होगा।

शताब्दी-राजधानी की इन्हीं श्रेणियों में अधिकतम सीमा 40% तक होगी। वहीं शयनयान और चेयरकार में सीट संख्या से अधिकतम 40% तक ही वेटिंग टिकट जारी होगा।

इससे पहले रेलवे बोर्ड ने 17 अप्रैल को सभी जोनल रेलवे और रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र को इस संबंध में एक आदेश जारी किया था। उसके मुताबिक वेटिंग टिकटों की संख्या उपलब्ध सीटों के 25% तक सीमित किया था। अब इसमें संशोधन करते हुए श्रेणीवार प्रतीक्षा सूची की सीमा को निर्धारित किया।




### क्या होगा इसका असर

अब किसी ट्रेन में वेटिंग 250-300 तक नहीं जाएगा। अगर एसी प्रथम श्रेणी में 100 सीट है तो अधिकतम 100 लोगों को ही वेटिंग टिकट मिल पाएगा। उसके बाद संबंधित ट्रेन में उस श्रेणी का टिकट जारी ही नहीं हो पाएगा। इससे टिकट जारी कराके जुगाड़ से कन्फर्म कराने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। वहीं खिड़की से वेटिंग टिकट लेकर यात्रा करने वालों की वजह से होने वाली भीड़ पर भी नियंत्रण होगा।

### इन पर नियम लागू नहीं

वेटिंग टिकटों पर सीमा का यह नया नियम रियायती टिकटों या सरकारी यात्रा वारंट पर लागू नहीं होगा। इसका मतलब है कि दिव्यांग व्यक्ति, मेडिकल कोटा पर यात्रा करने वाले व्यक्ति, रक्षा सेवाओं के कर्मचारी और अन्य योग्य लोगों को पहले की तरह ही प्राथमिकता मिलती रहेगी।

**मैट्रो एंकर** श्री झूलेलाल चालीहा : 40 दिवसीय व्रत साधना आरंभ

# साधक की हर मनोकामना होती है पूरी: सबनानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब उत्सव समिति द्वारा आयोजित भगवान झूलेलाल चालीहा मेले का बुधवार को आगाज हुआ। एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी ने बहिराणा साहिब की ज्योति प्रज्ज्वलित कर इस 40 दिवसीय महाव्रत साधना की शुरूआत की। सबनानी ने कहा कि झूलेलालजी का जो भी भक्त 40 दिन का कठोर उपवास रखता है, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी ने बताया कि प्रतिदिन शाम 06 बजे बहिराणा साहिब की ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी, जिसके उपरांत रात्रि 08 बजे आरती, पल्लव होगा। बहिराणा साहिब की ज्योत को प्रतिदिन शीतलदास की बगिया ले जाकर पूजा-अर्चना के बाद विसर्जित किया जाएगा। इस अवसर पर अखो साहिब, भजन-कीर्तन और सिंधी छेज हुए।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, झूलेलाल ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश वाधवानी, हीरो हिन्दू, चन्द्र इसरानी, किशन अच्छानी, महेश खटवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित थे।





### हर शनिवार महाआरती

वी-10 स्थित झूलेलाल चालीहा साहिब मंदिर समिति बीते 38 सालों से यह महोत्सव मना रही है। स्वर्गीय दादा साबू रीझवानी के पुत्र सुरेश 'शेरू' रीझवानी और उनके साथियों महोत्सव पर विशेष कार्यक्रम किए। समिति के पदाधिकारियों ने बताया की सभी शनिवार को महाआरती, जागरण, छप्पन भोग और झूलेलाल जी की कथा का आयोजन किया जाएगा। 16 जुलाई को दादा रीझवानी का जन्मदिन होने के कारण इस दिन विशेष भंडारा और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### प्राचीन मंदिर में उत्सव

श्री झूलेलाल कल्याण मंडलम समिति नगर निगम कॉम्प्लेक्स के पास झूलेलाल मंदिर में चालीहा का पर्व मना रही है। यहां पर्व की शुरूआत परंपरात तरीके से हुई, जल-ज्योति की पूजा के साथ हर दिन भंडारा होगा। प्राचीन झूलेलाल मंदिर, बस स्टैंड पर आरती और अन्य धार्मिक आयोजनों के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ।

# संत कॉलेज: नवागंतुक छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम शुरू

### प्राचार्य ने शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए चार दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम शुरू हुआ, इसमें छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों और सर्वांगीण विकास के अवसरों को बताया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि कॉलेज जीवन केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविश्वास की नींव रखने का समय है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, एन.एस.एस., एन.सी.सी. और उद्यमिता विकास जैसे विभिन्न मंचों का लाभ उठाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में प्रसिद्ध कॅरियर गाइड श्वेता केसवानी (ड्रीमज़ ग्लोबल एजुकेशनल सर्विसेज) ने हायर एजुकेशन एंड कॅरियर काउंसलिंग की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसरों, स्कॉलरशिप्स, करियर संभावनाओं और सही निर्णय लेने की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन किया।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को स्पेन के मेड्रिड में इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश-मैड्रिड बिजनेस फोरम को संबोधित किया।

### सीएम के स्पेन दौरे से उभरी संभावना

# प्रदेश की खूबियों की ब्रांडिंग करेगा ला लीगा

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

स्पेन दौरे के पहले दिन सीएम मोहन यादव स्पेन की प्रसिद्ध फुटबॉल लीग संस्था ला-लीगा के मुख्यालय पहुंचे और ला लीगा में छा गए। ला-लीगा के प्रबंधकों को उनका अंदाज पसंद आया। लीग के बिजनेस प्रबंध निदेशक जॉर्ज डे ला वेगा ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। दोनों के बीच फुटबॉल और अन्य मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। इस दौरान सीएम यादव ने वेगा को मध्यप्रदेश की खूबियों और यहां हो रही खेल गतिविधियों की जानकारी दी। इतना ही नहीं, उन्होंने इस दौरान यहां तक कहा कि ला लीगा की विशेषज्ञता मध्यप्रदेश तक पहुंचनी चाहिए। इस दौरान इस बात पर भी चर्चा हुई कि ला लीगा के मैचों के दौरान मध्यप्रदेश की ब्रांडिंग की जाए।

बताया जाता है कि इस मुलाकात के दौरान यादव ने ला लीगा के सामने यह भी प्रस्ताव रखा कि मध्यप्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर फुटबॉल एक्सीलेंस सेंटर, स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और स्पेनिश कोचिंग आधारित यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए जा सकते हैं। सीएम ने कहा, ला-लीगा के साथ यह साझेदारी केवल खेलों तक सीमित नहीं रहेगी। बल्कि, यह प्रदेश में रोजगार सृजन, सामाजिक भागीदारी, अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग और सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई दिशा देगी। सीएम ने यह सुझाव भी दिया कि ला लीगा मैचों के दौरान मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, वन्यजीव, विरासत स्थलों और पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग की जाए।

#### क्या है ला लीगा

दरअसल यह स्पेन की प्रमुख पेशेवर फुटबॉल लीग है। इसके मैचों का पूरी दुनिया इंतजार करती है। इससे साझेदारी के बाद मध्यप्रदेश में स्पोर्ट्स और टूरिज्म को मजबूती मिलेगी। क्योंकि, ला लीगा विश्वभर के युवाओं को ट्रेनिंग के साथ-साथ टेक्निकल सपोर्ट भी करता है। भारत में भी ला लीगा का रोमांच चरम पर होता है। भारत में भी ला लीगा के मैच देखने वाले दर्शकों की संख्या करोड़ों में है।

### पुलिसिंग का संसाधनों में बड़ा बदलाव

# अगले महीने बदलाव: अब पुलिस की सफारी को टाटा, डायल 100 को बाय

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

**करीब बीस साल के सफर के बाद मध्यप्रदेश में आगामी पंद्रह अगस्त से डायल 100 की जगह डायल 112 सेवा शुरू अस्तित्व में आ जाएगी। दावा है कि इसमें अधिक अत्याधुनिक तकनीक और बेहतर रिस्पॉन्स की सुविधा होगी। नई बोलेरो नियो गाड़ियां राज्यभर में तैनात की जाएंगी और अब कॉल करने पर शिकायतकर्ता की लोकेशन भी जीपीएस से ट्रैक की जा सकेगी। डायल 100 के 10 सालों के सफर को अब जीवीके कंपनी द्वारा संचालित डायल 112 सेवा आगे बढ़ाएगी।**




*डायल 100 सेवा की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई थी, जिसकी अवधि पांच साल तय की गई थी। लेकिन तकनीकी अड़चनों, टेंडर प्रक्रिया की देरी, कोविड काल और प्रशासनिक वजहों से यह सेवा 10 वर्षों तक चलती रही।*

खास बात यह कि डायल 112 मॉडल पहले से ही हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में संचालित हो रहा है और मध्यप्रदेश इसका अगला चरण है। राज्य पुलिस का दावा है कि नई सेवा में रिस्पॉन्स टाइम कम होगा और लोकेशन आधारित मदद की गुणवत्ता बेहतर होगी। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बताया कि 14 अगस्त से प्रदेशभर में डायल 100 की गाड़ियां (टाटा सफारी) सेवा से बाहर की जा रही हैं। 15 अगस्त से डायल 112 सेवा पूरी तरह लागू कर दी जाएगी। डायल 112 में नई बोलेरो नियो गाड़ियां शामिल होंगी, जो तकनीकी रूप से अधिक सक्षम होंगी और जीपीएस व वायरलेस सिस्टम से लैस रहेंगी।डायल 100 सेवा की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई थी, जिसकी अवधि पांच साल तय की गई थी। लेकिन तकनीकी अड़चनों, टेंडर प्रक्रिया की देरी, कोविड काल और प्रशासनिक वजहों से यह सेवा 10 वर्षों तक चलती रही। अब यह जिम्मेदारी बीवीजी कंपनी से हटाकर जीवीके कंपनी को सौंपी गई है, जो राज्य में एम्बुलेंस सेवा संचालन का अनुभव पहले से रखती है। बताया जाता है कि डायल 112 सेवा के तहत प्रदेश में 1200 नई गाड़ियां फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल के रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी। इन गाड़ियों में जीपीएस, वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं होंगी। किसी भी इमरजेंसी कॉल पर यह गाड़ियां तेज़ी से मौके पर पहुंचकर पुलिस या एम्बुलेंस जैसी त्वरित मदद उपलब्ध कराएंगी। पिछले एक वर्ष में डायल 100 के माध्यम से 15 हजार से अधिक घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे यह सेवा कई लोगों के लिए जीवनरक्षक बनी। डायल 112 को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नया कॉल सेंटर भी बनाया जा रहा है, जो सेंट्रल सर्वर से जुड़ा होगा। इससे सभी जिलों में समान रूप से इमरजेंसी सेवाओं का संचालन हो सकेगा।

#### हरियाणा में भी यही व्यवस्था

डायल 112 मॉडल पहले से ही हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में संचालित हो रहा है और मध्यप्रदेश इसका अगला चरण है। राज्य पुलिस का दावा है कि नई सेवा में रिस्पॉन्स टाइम कम होगा और लोकेशन आधारित मदद की गुणवत्ता बेहतर होगी।



### उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा कर उच्च शिक्षा मंत्री ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वालों पर की जाए कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय में, उच्च शिक्षा विभाग के विभिन्न विभागीय विषयों एवं गतिविधियों की समीक्षा की। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निलंबन से संबंधित गंभीर एवं अनावश्यक रूप से लंबित विभागीय प्रकरणों को, सामान्य प्रशासन के नियम अनुरूप समय पर निराकरण करने के निर्देश भी दिए। परमार ने जनभागीदारी समिति के नियमों का पुनर्वलोकन कर, वर्तमान परिदृश्य अनुरूप समसामयिक बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। मंत्री परमार ने सार्थक ऐप पर अनुचित रूप से फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वाले प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी और अतिथि विद्वानों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता पर दो दिवसीय कार्यशाला आज से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता पर जागरूकता बढ़ाने के लिये दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 17 एवं 18 जुलाई 2025 को निर्माण भवन, कॉन्फ्रेंस हॉल, भोपाल में आयोजित की जायेगी। कार्यशाला का प्रारंभिक सत्र 17 जुलाई को प्रात: 10.30 बजे से शुरू होगा। कार्यशाला में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के सर्टिफाइड मास्टर ट्रेनर श्री राणाप्रताप पोद्दार एवं आर्किटेक्ट श्री जे.के. व्यास द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता की संरचना, उद्देश्य एवं अनुपालन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना है। साथ ही भवन क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों, इंजीनियरों एवं वास्तुकारों को ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी भवन निर्माण के लिये प्रशिक्षित करना भी प्रमुख लक्ष्य है।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर पीएसएससीआईवीई में आयोजित हुआ वेबिनार

# युवाओं को एआई साक्षरता और डिजिटल दक्षताओं से लैस करना समय की मांग

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

राजधानी स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), भोपाल द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस 2025 मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में ÷कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल कौशलों के माध्यम से युवा सशक्तिकरण÷ विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल ने नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों में एआई की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश के अनुरूप एआई-आधारित रोजगार भूमिकाओं को व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक और प्रो. विनय स्वरूप मेहरोत्रा ने उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में युवाओं को एआई साक्षरता और डिजिटल दक्षताओं से लैस करना समय की मांग है। उन्होंने यह भी बताया कि 23-24 जून 2025 को संस्थान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों को एआई टूल्स के एकीकरण की ट्रेनिंग दी गई, जो एनसीईआरटी-पीएसएसएससीआईवीई, यूनेस्को, माइक्रोसॉफ्ट, टैबलेट अकादमी (अंतरराष्ट्रीय) और केपीएमजी के सहयोग से आयोजित हुई थी।




#### 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए विकसित की गई कौशल बोध

इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए विकसित की गई कौशल बोध नामक गतिविधि पुस्तिका का परिचय भी दिया गया, जो अनुभवात्मक शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समावेशन को बढ़ावा देती है।

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि शासन की महत्वपूर्ण योजना आरडीएसएस में इंदौर जिले का ग्यारहवां 33/11 केवी का ग्रिड ऊर्जीकृत कर दिया गया है। सिरपुर धार रोड में तैयार इस ग्रिड से हजारों उपभोक्ताओं को पहले से ज्यादा गुणवत्ता के साथ बिजली आपूर्ति होगी।






**मेट्रो एंकर**

### श्योपुर की उभरती खेल प्रतिभाएं

# राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय मंच पर परचम लहरा रहे खिलाड़ी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

श्योपुर जिले की प्रतिभाएं अब सीमित दायरे में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा रही हैं। खेल के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयों को छूते हुए श्योपुर जिले के खिलाड़ी जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। हाल ही में दो खिलाड़ियों मिक्स मार्शल आर्ट में मोहम्मद हुसैन और कुश्ती में सुखमन कौर ने अपनी उपलब्धियों से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।

गत 12 और 13 जुलाई को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में श्योपुर के मोहम्मद हुसैन ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल हासिल किया। देशभर के 18 राज्यों से आए प्रतिभागियों में हुसैन ने विभिन्न मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई और महाराष्ट्र के खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। मोहम्मद हुसैन ने बताया कि मिक्स मार्शल आर्ट एक तकनीक, ताकत और आंतरिक बल का खेल है और यह भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।



श्योपुर की बेटी सुखमन कौर ने अंतराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया। किर्गिस्तान में आयोजित एशियन अंडर-15 कुश्ती चैम्पियनशिप में उन्होंने मंगोलिया और कजाकिस्तान की खिलाड़ियों को 10-0 के अंतर से हराकर काँस्य पदक हासिल किया। सुखमन की इस जीत पर श्योपुर कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में उनका स्वागत और सम्मान किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने एकलव्य अवॉर्ड के लिए सुखमन कौर का नाम अनुशंसा करने के लिए खेल अधिकारी को निर्देशित किया।

#### सुखमन ने अब तक जीते कई पदक

सुखमन की यह उपलब्धि कोई पहली नहीं है। वर्ष 2022 से लेकर अब तक उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण पदक जीते हैं। इसमें अंडर-14, अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। श्योपुर जैसे सीमावर्ती जिले में इन प्रतिभाओं की सफलता यह दर्शाती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि संकल्प और समर्पण हो तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं। मोहम्मद हुसैन और सुखमन कौर जैसे खिलाड़ी न केवल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं, बल्कि श्योपुर को खेलों की नई पहचान भी दिला रहे हैं।

## संपादकीय

# निर्माणों का खोखलापन

देशभर में मानसून का जबरदस्त दौर चल रहा है। बाढ़ के साथ ही इमारतें ढहने या सड़क टूटने धंसने से लेकर पुल आदि के क्षतिग्रस्त होने की खबरें आ रही हैं। कुछ निर्माण पानी की मार से और कुछ निर्माण में लापरवाही से ढह रहे हैं। अति भारी बारिश वैसे ही आपदा है,तिस पर इस तरह का नुकसान असुरक्षा की भावना को बढा देता है। पिछले दिनों गुजरात में गंभीरा पुल ढहने से होने वाली मौतें हों या अतिभारी बारिश में हुई दुर्घटना या भवन ढहने से हुई मौत हों, यह बुनियादी ढांचा बनाने वालों के लिए चेतावनी है। अक्सर लगता है कि देश में बुनियादी ढांचा हड़बड़ी में बनाया जाता है और गुणवत्ता पर बराबर ध्यान नहीं दिया जाता है। उसका रखरखाव भी इतने लापरवाह व घटिया तरीके से होता है कि सुरक्षा के लिए खतरा बन जाता है। गुजरात का पुल 43 साल पहले बना था मगर 2022 में ही यह एकदम खस्ता हो गया था, कहा जाता है कि वाहनों की आवाजाही के समय इसके खंभे हिलने लगते थे। सड़क-पुल विभाग की जांच रिपोर्ट में कहा भी गया कि पुल सुरक्षित नहीं है। थोड़ी-बहुत मरम्मत के बाद पुल दोबारा खोल दिया गया। पिछले साल सरकार ने स्वीकार किया था कि उससे पहले के पांच साल में 42 छोटे और बड़े पुल ढहे हैं। सड़क और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि 2021 से 2024 के बीच राष्ट्रीय राजमार्गों पर 21 पुल ढहे, जिनमें से 15 पूरे हो चुके थे। यहां सबक मिलता है कि तेजी से बुनियादी ढांचा बनाना जितना जरूरी है उतना जरूरी पहले से मौजूद ढांचे का अच्छी तरह रखरखाव करना भी है। जानकार कहते हैं कि पुल सही ढंग से बनाए जाएं और उनका रखरखाव ठीक से किया जाए तो वे 50 से 100 साल तक बने रहते हैं। 1937 में पूरा हुआ सैन फ्रैंसिस्को गोल्डन गेट ब्रिज और 19वीं सदी के अंत में बना लंदन का टावर ब्रिज इसके उदाहरण हैं। दोनों में बाद में सुधार किए गए हैं और दोनों पर ही रोज गुजरात के पुल से ज्यादा यातायात गुजरता है। माना जा सकता है कि पिछले कुछ साल में सरकारों ने आर्थिक वृद्धि के प्रमुख वाहक के रूप में बड़े पैमाने पर जो सार्वजनिक निर्माण कराया है, खराब तरीके से बनाए और संभाले जा रहे पुल उसका केवल एक पहलू हैं। इस खर्च में अफसर, ठेकेदार और इंजीनियरिंग कंपनियां बड़े पैमाने पर शामिल हैं क्योंकि निर्माण वे ही करती हैं। इसलिए उनके काम की गहन निगरानी और उनकी समुचित जवाबदेही तय करना जरूरी है। दिल्ली के प्रगति मैदान अंडरपास को 2023 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए बनाया गया था। 700 करोड़ रुपये से भी ज्यादा खर्च कर बनाए गए इस पुल को कुछ महीनों में ही भारी बारिश के बाद पानी भरने के कारण बंद कर दिया गया। फिर इसे खतरनाक घोषित कर दिया गया। बेंगलुरु हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 की छत निर्माण के डेढ़ साल के भीतर ही टपकना शुरू कर देती है, जबकि उसमें 74 फीसदी हिस्सेदारी निजी क्षेत्र की है। पिछले साल निजी क्षेत्र की कंपनी द्वारा चलाए जा रहे दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल की छतरी भारी बारिश के कारण गिर गई और एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाद में हुई जांच में छतरी या कैनोपी के डिजाइन, निर्माण और रखरखाव में गंभीर खामियां पाई गईं। जब तकनीक व इंजीनियरिंग इतनी आधुनिक हो गई है तो फिर पुल,सड़कें,इमारतें क्यों ध्वस्त हो रही हैं, जबकि सौ सौ साल पुराने निर्माण व पुल आज भी कैसे टिके हुए हैं।

**क्रोध में विचार के पट बन्द हो जाते हैं ।**
**- प्रेमचंद्र**

## आज का इतिहास

- 1489: निजाम खान को सिकंदर शाह लोदी द्वितीय के नाम से दिल्ली का सुल्तान घोषित किया गया।
- 1712: इंग्लैंड, पुर्तगाल और फ्रांस ने युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1850:हार्वर्ड वेधशाला ने तारे का पहला फोटोग्राफ लिया।
- 1893: इंग्लैंड के आर्थर श्रेव्सबरी टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने।
- 1919: यूरोपीय देश फिनलैंड में संविधान को स्वीकृति प्रदान की गई।
- 1929:सोवियत संघ ने चीन के साथ कूटनीतिक संबंध समाप्त किए।
- 1943:ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) ने जर्मनी के पीनमुंदे रॉकेट बेस पर हमला किया।
- 1948:भारत में महिलाओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा समेत सभी सार्वजनिक सेवाओं में भर्ती होने की पात्रता मिली।
- 1950:पंजाब के पठानकोट शहर के पास भारत की पहली यात्री विमान दुर्घटना।
- 1987:ईरान और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंध टूटे।
- 1994: धूमकेतू शुमेकर लेवी-9 का पहला टुकड़ा बृहस्पति से टकराया।
- 1995: फोर्ब्स पत्रिका ने माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स को दुनिया का सबसे अमीर आदमी घोषित किया।
- 2002:रूस की स्वेतलाना फीफाप्रोवा ने पोल वाल्ट स्पर्द्धा में नया यूरोपीय रिकार्ड कायम किया।
- 2003:उत्तर पूर्व कांगो के दुनिया शहर में जातीय हिंसा में 54 लोग मारे गए।
- 2006: कैप कनैवरल (फ्लोरिडा) के स्पेस सेंटर में अपनी 13 दिन की अंतरिक्ष यात्रा पूरी कर डिस्कवरी अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर सकुशल उतरा।
- 2008: अफगानिस्तान में नाटो सेनाओं ने पाकिस्तान में छुपे आतंकियों पर मिसाइलों व हेलीकॉप्टरों से हमला किया।
- 2014: मलेशियन एयरलाइंस की फ्लाइट को रूस समर्थक अलगाववादियों ने मिसाइल के जरिए गिरा दिया। हमले में फ्लाइट में सभी 283 यात्रियों की मौत।

## निशाना

### भेजेंगे हम जेल !



-कृष्णेन्द्र राय

**आ गई यदि सत्ता तो ।**
**भेजेंगे हम जेल ।।**
**बैठक बंद कमरे में ।**
**शुरू हो गया खेल ।।**
**डाल डाल और पात पात ।**
**घड़ी ऐसी आन ।।**
**अहं का टकराव ही ।**
**खतरे का निशान ।।**
**तू तू मैं मैं शुरु हुई ।**
**है चुनाली बेला ।।**
**करना दो दो हाथ है ।**
**कोई नहीं अकेला ।।**
**है आई बहार ।**
**होते व्यक्त विचार ।।**
**शब्दों का कमाल ।**
**है सबका अधिकार ।।**

# निरंकुश अभिव्यक्ति से जुड़े सुप्रीम फैसलों का स्वागत हो

■ ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति की सुनवाई करते हुए समय-समय पर जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वहीं एक संतुलित एवं आदर्श राष्ट्र एवं समाज व्यवस्था का आधार भी है। सोशल मीडिया मंचों पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति के चलते उपजी विभाजनकारी एवं विध्वंसकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश की जरूरत बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने आत्म-नियमन, वाणी संयम एवं विचार संयम की जरूरत बतायी है। धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के चलते कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हुई एवं यह याचिका दायर की गई। दरअसल, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति द्वारा दायर इसी याचिका पर विचार करते हुए कहा कि समाज में विद्वेष, घृणा व नफरत फैलाने वाले संदेश समरसता, सौहार्द एवं सद्भावना के भारतीय परिवेश के लिये गंभीर चुनौती बने हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। अदालत का कहना था कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े अनेक मामलों के साथ-साथ ताजा मामले में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझते हुए इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए।

आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों एवं टीवी चैनलों पर ऐसी सामग्री परोसी एवं प्रस्तुत की जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी औछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक





प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि यदि सोशल मीडिया पर विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगता तो सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिलता है, जो एक अच्छी स्थिति नहीं होगी। आज सोशल मीडिया, समाचार चैनलों और राजनीतिक मंचों पर जिस प्रकार की उग्र भाषा, झूठे आरोप, धार्मिक विद्वेष और भावनात्मक उकसावे देखे जा रहे हैं, वे न केवल समाज को विभाजित कर रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को भी ठेस पहुँचा रहे हैं। यही वजह है कि कोर्ट को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है। दरअसल, अदालत का मानना था कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) नागरिकों को 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' देता है, इसके तहत प्रत्येक नागरिक को विचार, वाणी, लेखन, चित्रण आदि के माध्यम से स्वतंत्र रूप से अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन आज इस अधिकार के दुरुपयोग की घटनाएं जिस प्रकार सामने आ रही हैं, वह चिंता का विषय बन चुकी हैं। इसलिए आज जरूरत है विचार संयम और वाणी संयम की। इसीलिये अनुच्छेद 19(2) इसके कुछ 'उचित प्रतिबंध' भी निर्धारित करता है जैसे भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की सुरक्षा, राज्य की अखंडता, लोक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अश्लील या अनैतिक भाषण, अदालत की अवमानना, मानहानि, अपराध के लिए उकसावा एवं अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों से जुड़ी अराजकता पर प्रतिबंध, इन प्रतिबंधों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वतंत्रता का उपयोग अनुशासन और राष्ट्रीय हितों की मर्यादा में हो। संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत मिली आजादी असीमित कदापि नहीं है।

ताजा मामलों में कई राज्यों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के नियमन को लेकर सरकारी कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। कई जगह विचारों की अभिव्यक्ति व कार्टून आदि बनाने को राजनीतिक दुराग्रह बताते हुए लोगों को गिरफ्तार तक किया गया है। जिसे राजनीतिक दलों द्वारा बदले की भावना से की कार्रवाई बताया जाता रहा है। आरोप लगाया जाता रहा है कि सत्तारूढ़ दल की विचारधारा के अनुरूप अमर्यादित एवं अशालीन अभिव्यक्ति के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जाता। लेकिन दूसरे राज्य में अन्य राजनीतिक दल की सरकार में यही अभिव्यक्ति अपराध बन जाती है। कोई नहीं चाहता कि आम नागरिक की अभिव्यक्ति की आजादी को सरकार नियंत्रित करे। सही मायनों में लोगों को समझना चाहिए कि देश की एकता व अखंडता बनाये रखना मौलिक कर्तव्य ही है। अदालत ने इस बाबत सवाल भी किया कि नागरिक स्वयं को संयमित क्यों नहीं कर सकते? राजनीतिक दल, धार्मिक नेता या उग्रवादी कार्यकर्ता क्यों समाज में विषवमन करते हुए विवादास्पद एवं वर्ग-धर्म विशेष के लोगों की भावनाओं को आहत करने वाले कटू एवं कड़वे बयान देते हैं? कोर्ट का मानना था कि लोग तभी अभिव्यक्ति की आजादी का आनन्द ले सकते हैं जब यह संयमित ढंग से व्यक्त की जाए। शीर्ष अदालत की पीठ का मानना था कि नागरिकों के बीच भाईचारा होना चाहिए, तभी समाज में नफरत से मुकाबला किया जा सकता है। तभी हम गंगा-जमुनी सांझा संस्कृति के राष्ट्र एवं समाज का निर्माण कर सकते हैं।

आज के दौर में हमें विचार संयम और वाणी संयम को अपनी संस्कृति और लोकतंत्र की आधारशिला बनाना होगा। जैसाकि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि बोलने से पहले तीन बार सोचो, क्या यह सत्य है? क्या यह आवश्यक है? क्या यह दूसरों को आहत तो नहीं करेगा? संविधान हमें अधिकार देता है, लेकिन उसके साथ आत्मानुशासन और समाजहित की अपेक्षा भी करता है। यदि हम इसे समझ लें, तो हमारा लोकतंत्र और अधिक सशक्त और समरस बन सकता है। अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन जब यह सीमा पार करती है तो देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को खतरा उत्पन्न होता है। सुप्रीम कोर्ट बार-बार यह संदेश दे रहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी और मर्यादा जुड़ी है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का भी मानना था कि यदि आपके शब्द राष्ट्र को प्रेरित करने की बजाय भटकाने लगे, तो वह आजादी नहीं, अराजकता है। सोशल मीडिया आज एक ऐसा ही अस्त्र बन गया है जो जरा सी चूक से घातक साबित हो सकता है। वास्तव में हर नागरिक को इतना सचेत व जागरूक होना जरूरी है कि वह विभिन्न स्रोतों से आने वाली सामग्री से जुड़ी मंशा को समझ सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मर्यादा टूटे तो वह विरोध नहीं, विघटनकारी गतिविधि बन जाती है। ऐसी ही विघटनकारी गतिविधियां सोशल मीडिया पर विनाशकारी स्वरूप लेती जा रही है। यह निर्विवाद सत्य है कि विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों द्वारा सोशल मीडिया मंच का जमकर दुरुपयोग किया जाता रहा है। वहीं लोगों का कसूर यह है कि दल विशेष के एजेंडे वाली सामग्री को वे बिना पढ़े, दूसरे लोगों व समूहों में शेयर कर देते हैं। दरअसल, आम नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि सोशल मीडिया पर उनका संयमित व्यवहार कैसा होना चाहिए? बहुत से लोगों को यह पता नहीं होता है कि सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही सामग्री की कितनी संवेदनशीलता है? कई लोग जाने-अनजाने में ऐसी सामग्री दूसरे व्यक्तियों व समूहों में शेयर कर देते हैं जो राष्ट्र एवं समाज विरोधी हो सकती है। दरअसल, वे उसकी मूल सामग्री को बनाने वाले के छिपे एजेंडे को नहीं भांप पाते। कभी-कभी भावावेश में लोग ऐसे कदम उठा देते हैं। जाहिर है, उच्छृंखल हुए बिना आजादी के उपयोग में ही नागरिक का भी भला है और समाज का भी।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# हम भी तो दोषी हैं राधिका की मौत के

■ क्षमा शर्मा

राधिका यादव, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनना चाहती थी। उसने एक म्यूजिक वीडियो भी बनाया था। उसमें इनामुल हक नाम के लड़के ने काम भी किया था। इनामुल हक ने कहा कि मेरी न उससे कोई दोस्ती थी, न ही वीडियो बनाने के दौरान हमारी कोई बातचीत हुई। सवाल यह है कि इन दिनों सोशल मीडिया के जरिए जब तमाम युवा ग्लोबल हो गए हैं। तब कौन किससे बात कर रहा है, इसे कैसे रोका जा सकता है। वह कोई भी हो सकता है-हिंदू, मुसलमान, ईसाई। कैसा समाज बना रहे हैं हम। कहा जा रहा है कि पिता वीडियो बनाने से नाराज था। उसने राधिका से वीडियो डिलीट करने के लिए कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया। एक लड़की अगर कुछ करना चाहती है, तो उसकी राह में इतने रोड़े क्यों हैं। खबरों में आ रहा है कि पिता पंद्रह दिनों से सोया नहीं था।

जिस दिन राधिका की मां का जन्मदिन था, वह घर की साज-सज्जा कर रही थी। रसोई में खाना पका रही थी, उसी वक्त उसे तीन गोलियां मार दी गईं। एक पिता जिसने अपनी बेटी को टेनिस खेलना सिखाया था, उसे महंगे से महंगे रैकेट लाकर दिए थे, जब उसके कंधे में चोट लग गई, तो राधिका ने टैनिस एकेडमी खोल ली। वह खूब चलने लगी। पता चला कि इससे पिता जब बाहर निकलता, तो आसपास के लोग कहते कि तुम्हारी बेटी तो तुमसे ज्यादा पैसे कमाती है। तुम उसकी कमाई खाते हो।

यह घटना गुड़गांव के उस पॉश इलाके में हुई, जिसे उत्तर भारत का साइबर सिटी कहा जाता है। चमचमाती इमारतों और बड़े बहुराष्ट्रीय निगमों के दफ्तरों से ये शहर भरा पड़ा है। लेकिन इन सबसे क्या होता है, जब मन में कुछ और चल रहा हो। बेटी की कमाई पिता के लिए इतनी अपमानजनक बने कि उसकी हत्या करनी पड़े। बजाय इसके कि उसकी कमाई और कुछ करने के जज्बे की तारीफ की जाती, गर्व किया जाता, उसे मौत दे दी गई। क्यों भला। जो लड़की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हो, उसे इतनी भी आजादी नहीं कि वह कोई वीडियो बना सके। एकेडमी खोल सके। आखिर जो बातें उसकी तारीफ का कारण बनतीं, वे जान लेने का कारण कैसे बन गईं।

प्रॉपर्टी डीलर का व्यवसाय करने वाले पिता का कहना है कि वह पड़ोसियों के तानों से तंग आ चुका था। उसने राधिका से कहा था कि घर में पैसे की कोई कमी नहीं है, वह एकेडमी बंद कर दे, मगर वह नहीं मानी।

आखिर वह क्यों मानती। इन दिनों कोई भी एकेडमी चलाना आसान बात नहीं है। मात्र तीन महीने की अवधि में ही यदि यह एकेडमी चल निकली और अच्छी आय होने लगी, तो इसमें उस लड़की के कितने प्रयत्न और मेहनत लगी होगी। अफसोस कि जिस पिता ने उसे सपने दिखाना सिखाया था, उन्हें पूरा करने में मदद की थी, उसी ने अपनी बेटी की जान ले ली। उन ताने मारने वालों का तो कुछ नहीं गया। कायदे से तो पुलिस को उन्हें पकड़ना चाहिए। पिता के साथ-साथ राधिका की हत्या में ऐसे लोगों की भी समान भागीदारी है, जिनसे एक पचीस साल की लड़की की



सफलता नहीं देखी गई। ईर्ष्या के भाव ने, दूसरों की लड़की पर बिना कारण उंगली उठाए जाने वाली सोच ने एक पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया। राधिका की मां पर क्या गुजर रही होगी, जिसने ऐन अपने जन्मदिन पर बेटी को खो दिया। और उसकी जान लेने वाला कोई और नहीं उसका पिता निकला।

इस लेखिका की मां जो आज एक सौ सात वर्ष की होती, उसकी एक बात हमेशा याद रही। वह कहती थी कि तुम कुछ भी करो, दुनिया उसमें खोट निकालेगी। इसलिए दुनिया की परवाह न करके वह करो, जो तुम्हें ठीक लगता है। दरअसल, लड़कियों को यह महामंत्र सीखना चाहिए। यदि स्त्रियों ने दुनिया की परवाह की होती, तो आज वे हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित न कर रही होतीं। रघुवीर सहाय के शब्दों में-पढ़िए गीता, बनिए सीता, फिर इस सब में लगा पलीता निज घर-बार बसाइए। महान लेखिका महादेवी वर्मा ने भी ऐसा ही बहुत कुछ लिखा है, लेकिन निज घर, बार में भी चैन कहां। कभी ससुराल में मौत, तो कभी अपने ही माता-पिता द्वारा दी गई मौत। हरियाणा के सोनीपत से ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया गया था। इससे बहुत कुछ बदला, लेकिन राधिका की हत्या ने जैसे हिलाकर रख दिया। राधिका का जीवन गया, पिता जेल में सड़ेगा, ऐसे में बाकी परिवार का क्या होगा, मां क्या करेगी, कौन जाने।

लड़कियों को जिन कठिनाइयों का सामना विवाह के बाद करना पड़ता है, वे तो हैं ही। लेकिन अपने परिवार में भी तो उन्हें कोई कम कठिनाइयां नहीं झेलनी पड़तीं। धर्म और विज्ञान का कैसा घालमेल है कि जिस अमीनोसेंटेसिस टैस्ट और अल्ट्रासाउंड को मनुष्य के अंदरूनी रोगों को देखने के लिए बनाया गया था, उसकी मदद लेकर लड़कियों को मारा जाने लगा। अमीनोसेंटेसिस तो फिर भी महंगा टैस्ट था, अल्ट्रासाउंड ने तो इसे और आसान बना दिया। पश्चिमी देशों में इसीलिए भारतीय माता-पिताओं पर शक किया जाता है। उन्हें यह नहीं बताया जाता कि गर्भ में लड़का है या लड़की। क्योंकि वहां डाक्टर मानते हैं कि भारतीय माता-पिता लड़की होने वाली है, यह पता चलते ही, उससे निजात पाने की कोशिश करते हैं। कई दम्पतियों का कहना है कि यह सुनकर उन्हें बहुत शर्मिंदगी महसूस होती है। क्योंकि अन्य देशों के लोगों को बच्चों का लिंग बता दिया जाता है। फिर लड़की पैदा होते ही मातम मनाना, उसकी शिक्षा में भी भेदभाव, इलाज में भी, जन्मते ही यह उपदेश कि उसे तो पराये घर जाना है, आदि बातें लड़कियों का कैसा मानस बनाती हैं कि वे हर तरह के शोषण को अपना भाग्य मान लेती हैं।

लड़की कुछ न करे तो समस्या, कुछ करे, ज्यादा पैसा कमाए, तो आफत। जाए तो जाए कहां। इसलिए राधिका की हत्या में उसका पिता तो जिम्मेदार है ही, समाज भी जिम्मेदार है, जो लड़के और लड़कियों को अलग-अलग नजरिये से देखता है। लड़कियों की सफलता का मतलब, हाथ में पैसा आने का अर्थ, घर के पुरुषों की बेइज्जती तो है ही, अड़ोस-पड़ोस वालों की ईर्ष्या-द्वेष से भरी उठती उंगलियां भी दोषी हैं।

अब तो यह भी पूछने का मन नहीं करता कि ऐसा क्यों करते हो। और लड़कियों को तो बिना कुछ किए की सजा मिल जाती है, तुम फिर किसी अगली लड़की पर थानेदारी दिखाने निकल पड़ते हो। कब तक लड़कियां अपनों के ही हाथों द्वारा मारी जाती रहेंगी। इस बात पर इतराने से क्या होता है कि हमने तो अपने देश में 1966 में ही एक महिला को प्रधानमंत्री बना दिया था, अमेरिका तो आज तक ये नहीं कर पाया कि देश का सर्वोच्च पद किसी महिला को सौंप सके। लेकिन अमेरिका में किसी लड़की को न कोई ताने देता है, न तानों के कारण कोई पिता उसकी हत्या करता है।

**(साभार : लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, यह उनके निजी विचार हैं)**

# ऑइल पेंट की दुकान में लगी भीषण आग, होते रहे धमाके

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

स्टेशन रोड स्थित एक हार्डवेयर की दुकान और गोदाम में आग लग जाने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड पर शहर की प्रतिष्ठित ऑयल पेंट्स की दुकान बजाज मशीनरी एवं हार्डवेयर की दुकान एवं गोदाम में भीषण आग लग गई। जिसके चलते दुकान और गोदाम में रखा लाखों रुपए का माल जल गया। आग इतनी भीषण थी कि आसपास अफरा तफरी मच कई बार दुकान के अंदर धमाके भी हुए जिससे आसपास के रहवासी दहशत में आ गए। आग की दूर से ही लपटें और धुआं दिखाई दे रहा था। जानकारी लगने पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। नगर पालिका की दमकलें और दमकलकर्मी





स्थानीय लोगों की मदद से लगातार आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन दुकान में रखा ऑयल पेंट्स और प्लास्टिक पाइप से आग और विकराल होती जा रही थी। दुकान में हार्डवेयर के साथ-साथ बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पाइप और ज्वलनशील आयल पदार्थ थे जिसके चलते आग ने एकदम से विकराल रूप धारण कर लिया और आग दो मंजिला इमारत में तेजी से फैलती चली गई। नगर पालिका की दमकलों सहित नगर पालिका कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी, पुलिस बल और नागरिक आग बुझाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे थे। आग किन कारणों से लगी कैसे लगी इस घटना में कितना नुकसान हुआ। इसका आंकलन आग बुझने के बाद ही लगेगा।

### नगर पंचायत द्वारा जिस कुएं से सप्लाई, सिर्फ उसी वार्ड के लोग बीमारी से पीड़ित

# दूषित पानी पीने से दर्जनों लोग उल्टी दस्त की बीमारी से ग्रस्त, एक मौत

**तेन्दूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

नगर पंचायत की लापरवाही के कारण वार्ड 3 के नवयुकं दूषित पानी पीने के कारण कल जान चली गई। दरअसल लगातार हो हो रही बरसात के कारण लगभग एक सप्ताह से उल्टी दस्त के चलते वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 के एक दर्जन से अधिक लोग जबलपुर में अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती होकर इलाज करा रहे है। एक व्यक्ति को उल्टी दस्त लगने के कारण ब्हीपी लो होने के कारण लकवा तक लग गया है। ऐसे ही अस्सू विश्वकर्मा की उल्टी दस्त के इलाज के दौरान मौत हो गई बताया गया है कि लगभग 5 दिन पहले अस्सू को सबसे पहले घर में पेट दर्द, उल्टी दस्त शुरू हुए थे। नगर के शासकीय अस्पताल में इलाज कराया गया स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया था जहां से 2-3 दिन इलाज के बाद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ जिससे उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेज कर दिया गया जहां पर बताया गया कि किडनी काम नहीं कर रही है। घर ले जाकर सेवा करें। मंगलवार की शाम को जबलपुर से परिवारजन उसे तेंदूखेडा ले आए जहां पर बुधवार उसकी मौत हो गई। ऐसे ही उल्टी





दस्त के कारण जबलपुर में अंजली साहू, मालती यादव, रचना सेन, राजेश्वरी सेन, ममता रैकवार के अलावा अनेक लोग इलाज करा रहे हैं। परिवार के सदस्य शानू विश्वकर्मा ने बताया कि अस्सू को सबसे पहले उल्टी, दस्त हुए थे इसके बाद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ जबलपुर मेंडीकल कांलेज में 4 दिन इलाज चला लेकिन डांक्टरों ने किडनी में इंफेक्शन बता कर डायलासिस कर घर भेज दिया। बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।

सबसे बड़ी हैरानी का मामला है कि जिन वार्डो में वार्ड क्रमाक 1 में स्थित कुआ के पानी की सप्लाई की जा रही है वहीं के लोग उल्टी दस्त जैसे बीमारी का शिकार हो रहे है। लेकिन जहां पर नर्मदा लाईन का पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन वार्डो में कोई भी प्रकार की समस्याए नहीं हो रहे है। जिसका मूल कारण है कि कुआ के सामने मैदान पड़ा हुआ है जो मेन सडक से लगभग 5 फिट नीचे है। साथ ही नगर पंचायत के द्वारा दो टयूब बेल वोर से कुआ में पानी भरा जाता है इसके बाद वार्ड क्रमाक 1,3 एवं 4 में पानी की सप्लाई की जाती है। इसके अलावा वोर बले का पानी एवं बरसात का खेतो भरा पानी जो दूषित होता है वह पानी भी कुआं में जाता है। जिस कारण बरसात का दूषित पानी लोगो के घरो में सप्लाई होने के कारण अनेक लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे। जबकि लगभग एक सप्ताह से बीमारियों का माहोल फैला हुआ है इसके बाद भी नगर पंचायत कुआ के पानी की सप्लाई बंद नहीं कर रहे है साथ कुआ के पानी मे बिलिचिंग पाउडर जैसी दवाईयां नहीं डाली जा रही है। जिससे कारण आए दिन उल्टी दस्त के मरीज बडते जा रहे है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि पहले कुंए में नगर परिषद के ट्यूबबेल से पानी भरा जाता हैं ही कुआ में बरसात का दूषित पानी भी भरता है। जिस कारण कुंए में पानी वोर बेल का पानी छोड़ने पर वह पानी भी दूषित हो जाता हैं उसके बाद कुंए से वार्डो में पानी की सप्लाई की जाती हैं।

वही पानी पीकर लोग बीमार हो रहे हैं। साथ ही श्री साहू ने कहां कि मैने इस संबंध में सीएमओ से चर्चा की गई थी लेकिन उनके द्वारा कोई सही जबाब नहीं दिया गया। इसके अलावा वार्डो में कई सालों पुरानी पेयजल की लाइन डली हुई हैं जो कई जगह से क्षतिग्रस्त हैंस साथ ही वहीं पाईप लाईन नालियों में पडी डली हुई नालियों का पानी भी पाईप लाईनो में भरकर लोगो के घरो में जाता हैं।

सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने बात करने फोन नहीं उठाया। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहां है कि वर्तमान में जिन वार्डो में लोग बीमार हो रहे है। वहां पर सीबीएमओ सहित मेंडीकल टीम जॉच कर रही है। इसके अलावा पहले भी पानी की जॉच कराई गई है। जिसमें पानी दूषित होना नहीं पाया गया है। इसके अलावा सीएमओ सहित पूरी टीम इस पर काम कर रही है कि आखिर पानी की समस्या कहां पैदा हो रही है। जिसकी मौत हुई है वहां पर भी मेडीकल टीम भेजे थी जिसे पता चला है कि वह व्यक्ति की पहले से ही दोनो किडनी खराब थी जिससे उसकी मौत हुई है।

# जनसुनवाई: तकनीकी पेंच में फंसी जननी सुरक्षा व प्रसूति सहायता का रास्ता साफ

### अफसरों ने 95 आवेदनों का किया समाधान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

समग्र आईडी में होने के कारण जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के लाभ से वंचित महिला शिखा यादव को जनसुनवाई के दौरान अपनी समस्या का त्वरित समाधान मिला। माखन नगर निवासी शिखा यादव पति दिव्यांशु को जिला अस्पताल में प्रसव के बाद मिलने वाली जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता योजना की राशि कल समग्र आईडी की तकनीकी समस्या के चलते नहीं मिल पा रहा था। दिव्यांशु द्वारा जनसुनवाई के दौरान दिए आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रभारी अधिकारी बबीता राठौर ने समग्र आईडी में आ रही तकनीकी समस्या का प्रदेश स्तर से सुधार करवा कर पोर्टल पर समग्र आईडी का इंद्राज किया गया। जिससे अब शिखा यादव को शीघ्र ही जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता योजना का लाभ मिल पाएगा।

इसी प्रकार मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर डी के सिंह ने 80 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया। इसी प्रकार मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 80 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर श्री डीके सिंह ने



आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न ग्रामों और क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की समीक्षा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

जनसुनवाई के दौरान मोहन सिंह राजपूत निवासी ग्राम आरी तहसील माखन नगर की कृषि भूमि पर दबंगो द्वारा अतिक्रमण कर कब्ज़ा हटाये जाने की समस्या का समाधान करते हुए रावत ने तहसीलदार माखन नगर को वीसी के माध्यम से स्थल निरीक्षण कर तत्काल अतिक्रमण हटाने की निर्देश दिए। इसी प्रकार पिपरिया निवासी मीराबाई मेहरा ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किस्त पिछले दो वर्षों से नहीं मिली है, जिसके कारण उनके मकान का कार्य अधूरा है एवं वह किराए के मकान में रहने को विवश है सीईओ जिला पंचायत रावत द्वारा पिपरिया सीईओ को निर्देश दिये कि शीघ्र ही किश्त वितरण में आ रही समस्या का समाधान कर जानकारी प्रस्तुत करें।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक में मरीजों के महत्वपूर्ण निर्णय

# जिला अस्पताल में डायलिसिस, कूलर पंखे सहित कई प्रस्तावों पर सहमति

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर कार्यालय में रोगी कल्याण समिति की जिला स्तरीय बैठक में जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा,डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौड़, सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले, सीएमएचओ नरसिंह गहलोत, सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा वर्ष 2024-25 के रोगी कल्याण समिति के आय व्यय के विवरण पर चर्चा की गई। इसके पश्चात प्रस्तावित बिंदुओं पर चर्चा कर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति सदस्यों द्वारा चिकित्सालय में



30 नए कूलर एवं पंखे की व्यवस्था किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। इसी प्रकार ऑपरेशन थिएटर के रास्ते को ठीक करवाए जाने के लिए भी समिति सदस्यों द्वारा एक मत सहमति दी गई। रोगी कल्याण समिति की बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय परिसर में नाली निर्माण कार्य के संबंध में सिविल सर्जन द्वारा जानकारी दी गई की नली का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिला चिकित्सालय में शीघ्र ही डायलिसिस सुविधा के लिए डायलिसिस को जनरेटर से कनेक्शन किए जाने की भी सहमति समिति सदस्यों द्वारा दी गई। इस दौरान विधायक डॉक्टर सीता सरन शर्मा ने कहा कि मोर्चरी कक्षा की मरम्मत एवं डीप फ्रीजर तथा वाटर कूलर एवं परिजनों के बैठने की सुविधा के लिए शेड निर्माण एवं बेंच की व्यवस्था किए जाने के लिए उचित कोटेशन प्राप्त कर तथा भंडार क्रय नियम अनुसार खरीदी की जाए। उन्होंने कहा कि अन्य बिंदुओं पर आगामी अस्पताल निरीक्षण के उपरांत समीक्षा बैठक आयोजित कर शीघ्र ही निर्णय लिए जायेंगे। बैठक के दौरान जिला अस्पताल के दैनिक एवं छोटे-मोटे मरम्मत कार्यों के लिए कंटीन्जेंसी फंड से राशि का उपयोग कर कार्य किए जाने के लिए भी समिति द्वारा निर्णय लिया गया।

# यातायात पर संकट गहराया, पुलिस की निष्क्रियता से जनता परेशान

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर की सड़कों पर यातायात जाम की समस्या अब एक भीषण विपदा बनकर उभरी है, और इसके मूल में है स्थानीय पुलिस की घोर निष्क्रियता, उदासीनता और कर्तव्यविमुखता। मुख्य बाजार, बस स्टैंड, स्टेट बैंक वाला रास्ता,खकरिया रोड पर प्रतिदिन लगने वाला जाम नगरवासियों, व्यापारियों और राहगीरों के लिए अभिशाप बन चुका है।

इस विकट परिस्थिति के बावजूद तेंदूखेड़ा पुलिस यातायात प्रबंधन में पूर्णतः असफल रही है पुलिस की लापरवाही और यातायात नियमों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये ने परिस्थितियों को सर्वथा अनियंत्रित कर दिया है। प्रभात और संध्या के व्यस्त समय में बाजार क्षेत्र में वाहनों की अटूट कतारें, अनधिकृत पार्किंग, रोड लगे हाथ ठेलों की मनमानी ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

सड़कों पर अनियंत्रित अतिक्रमण ने मार्गों को इतना संकरा कर दिया है कि वाहनों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। खकरिया रोड पर रोज शाम के व्यस्त समय में मुख्य बाजार में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं सड़कों पर ठेले और और बेतरतीब खड़े वाहन मार्ग को इतना संकरा कर देते हैं कि वाहनों का आवागमन लगभग ठप हो जाता है। सुबह से लेकर देर शाम तक घंटों तक लगने वाला यह जाम आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर देता है। एक स्थानीय दुकानदार ने गुस्से में कहा, मंगलवार को बाजार के कारण खकरिया रोड पर अतिक्रमण से हालात बद से बदतर हो जाते हैं। पुलिस को पहले से पता है कि इस दिन जाम लगेगा, फिर भी न तो अतिक्रमण हटाया जाता है और न ही कोई पुलिस कर्मी तैनात किया जाता है ।मंगलवार के बाजार में अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई इतनी कम हो जाती है कि दो वाहन एक साथ नहीं निकल सकते ऐसी घटनाएं अतिक्रमण और पुलिस की लापरवाही की गंभीरता को उजागर करती हैं।



दुकानों का अतिक्रमण जाम का सबसे बड़ा कारण है।पुलिस को बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती।

### साप्ताहिक बाजार के दिन पैदल चलना मुश्किल हो

हर मंगलवार को खकरिया रोड पर साप्ताहिक बाजार के दौरान सड़क के दोनों ओर ठेले, दुकानें

### इनका कहना है

"इस संबंध थाना प्रभारी नितेश जैन से ने बताया कि मैंने नगर पालिका में बात की है इसको दिखाता हूं करता हूं कोशिश इस बार राजस्व दल और पुलिस बल के साथ मिलकर काम किया जो पहले स्थिति थी अब वो स्थिति नहीं है।"

### मेट्रो एंकर — हितग्राहियों को बताए फलोद्यान के लाभ व योजनाओं से मिलने वाले फायदे

# एक बगिया मां के नाम अभियान के हितग्राहियों से रूबरू हुए जिला पंचायत सीईओ

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत द्वारा15 जुलाई को जनपद पंचायत माखननगर एवं जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायतों का जमीन स्तर से भ्रमण कर एक बगिया मां के नाम अभियान की प्रगति की समीक्षा की गयी। सीईओ जिला पंचायत रावत द्वारा ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ी, नया संकई, पढ़ाई आदि में उपस्थित होकर ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर चर्चा की गयी। श्री रावत द्वारा महिलाओं को एक बगिया मां के नाम अभियान की अवधारणा, उसके लाभ एवं किये जाने वाले कार्य से अवगत कराया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह की महिला जो 0.5 एवं 1 एकड़ भूमि में फलोद्यान विकसित करने हेतु इच्छुक है, उन्हें मनरेगा योजना से फलोद्यान का लाभ दिया जायेगा। मनरेगा योजना के द्वारा पौधों की सुरक्षा हेतु फलोद्यान वाले क्षेत्र में कटीले तारों से फेंसिंग करायी जायेगी। पौधों की सिंचाई हेतु पानी का कुण्ड बनाया जाएगा एवं क्लस्टर के रूप में फलोद्यान विकसित किया जायेगा। उन्होने यह भी



बताया कि इस अभियान में पौधों एवं सामग्री की राशि का भुगतान हितग्राही को स्वयं ही किया जायेगा। कलस्टर के रूप में फलोद्यान विकसित होने पर पौधों की देखरेख हेतु प्रशिक्षित कृषि सखी द्वारा लगातार भ्रमण किया जायेगा। फलों के आने पर उनका उचित दर पर विक्रय सुनिश्चित किया जायेगा। यह भी बताया गया कि हितग्राही चाहे तो उक्त भूमि पर इन्टर क्रॉपिंग के तहत सब्जी अथवा अन्य किसी फसल की पैदावार भी कर सकते हैं। सीईओ श्री रावत द्वारा हितग्राहियो को ड्रिप सिंचाई व सोलर पैनल से विद्युत सप्लाई की योजना से भी अवगत करवाया गया.सीईओ जिला पंचायत द्वारा जिले की केसला ब्लाक में क्ल स्ट र के रूप में मनरेगा योजना के तहत आम के फलोद्यान की जानकारी भी समूह की महिलाओं को दी गयी एवं बतलाया गया कि किस तरह केसला में आम का क्लनस्टभर विकसित किया गया है। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सहायक यंत्री को निर्देश दिये गये कि हितग्राही चयन में पारदर्शिता रखी जावे। शीघ्र हितग्राहियों का चयन सुनिश्चित किया जाए एवं हितग्राही चयन होने के उपरांत सिपरी ऐप से तत्काल यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि किस क्षेत्र में किस फलोद्यान का क्लस्टर विकसित किया जायेगा। साथ ही कृषि सखी एवं चयनित महिलाओं के प्रशिक्षण के निर्देश दिये गये। इस दौरान जनपद पंचायत माखननगर व सोहागपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।

## छत गिरने से नीचे दबा युवक, जेसीबी मशीन की मदद से निकालना पड़ा शव

छिंदवाड़ा। दोपहर मेट्रो

छिंदवाड़ा के नीमढ़ाना में वेंकोली मैगजीन चेकपोस्ट की जर्जर छत गिरने से 28 वर्षीय मजदूर अनिल भोपा की दुखद मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने वेंकोली प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग की।

छिंदवाड़ा नीमढ़ाना क्षेत्र में स्थित वेंकोली मैगजीन चेकपोस्ट पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब वहां की जर्जर छत गिरने से 28 वर्षीय मजदूर अनिल भोपा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अनिल चेकपोस्ट के पुराने ढांचे से स्क्रैप के रूप में लोहा निकाल रहा था, तभी अचानक पूरी छत भरभराकर उसके ऊपर गिर पड़ी। मलबे में दबे अनिल को जेसीबी से निकालकर बाहर लाया गया, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

हादसे की खबर जैसे ही फैली, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वेंकोली प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। मृतक का शव मुख्य मार्ग पर रखकर मुआवजे की मांग की गई। शुरुआती बातचीत में समाधान नहीं निकलने पर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया, जिससे करीब तीन घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा।प्रशासन की समझाईश के बाद लोग सड़क पर से हटे।

## भारी बारिश का दौरः डिंडौरी में स्कूलों की छुट्टी, पीथमपुर में बच्ची की मौत

दोपहर मेट्रो नेटवर्क

प्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश का कहर जारी है। अलग-अलग जिलों से घटनाओं की खबरें आ रही हैं। डिंडौरी में अतिवर्षा के चलते गुरुवार को सरकारी स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। उधर हरदा की मटकुली नदी में एक पुलिसकर्मी ने पुलिस पर पानी होने के बावजूद निकलने की कोशिश की तो उसकी कार नदी में बह गई। पुलिसकर्मी ने कूदकर जान बचाई। चित्रकूट की गुप्त गोदावरी गुफा में तेज बहाव के साथ पानी बह रहा है। प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए गुफा को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। पीथमपुर में भी एक हादसा सामने आया है। तीन मंजिला मकान की निर्माणाधीन दीवार धराशायी हो गई। हादसे में दो माह की बच्ची की मौत हो गई।

मौसम विभाग ने ग्वालियर समेत प्रदेश के श्योपुर, अशोकनगर, निमाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना सहित 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



भारी बारिश के चलते प्रदेश के कई जिलों में हालात बिगड़ रहे हैं। मंडला में उफनती नर्मदा नदी का दृश्य।

### सागर के जैसीनगर थाना क्षेत्र में लव जिहाद का चौंकाने वाला मामला!

## राज बनकर युवती को फंसाया, 8 महीने दुष्कर्म, दो बच्चों का बाप निकला अकरम

**सागर में लव जिहाद का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक युवक ने अपनी पहचान छिपाकर हिन्दू युवती को प्रेम के जाल में फंसा लिया। बाद में पता चला कि युवक मुस्लिम है और शादीशुदा है और उसके 2 बच्चे भी हैं।**

सागर। दोपहर मेट्रो




सागर जिले में लव जिहाद के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब एक नया मामला सामने आया है। जिसमें एक हिंदू युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने के नाम पर उसका 8 महीने तक शारीरिक शोषण किया गया। युवती ने जब शादी के लिए जोर डाला तो युवक अपनी असलियत पर उतर आया। वह दूसरे समुदाय का निकला। यही नहीं वह पहले से शादीशुदा और दो बच्चों का बाप निकला। उसने युवती के साथ बिताए अंतरंग पलों के फोटो-वीडियो भी बनाए, जिन्हें वह सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर युवती पर दबाव बना रहा था। युवती जब थाने पहुंची तब मामले का खुलासा हो सका है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सागर के जैसीनगर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती जिला मुख्यालय सागर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रही थी। वह बस से अपने घर जैसीनगर आना-जाना करती थी। इसी दौरान बस में कंडक्टर के रूप में काम करने वाले युवक से उसकी जान-पहचान हो गई। युवक ने उसे अपना नाम राज बताया था। रोजाना आने-जाने के दौरान दोनों में दोस्ती बढ़ी और फोन पर और फिर बातचीत भी शुरू हो गई। बाद में मामला प्यार तक पहुंच गया था। कुछ समय बाद युवती ने भोपाल में एक प्राइवेट नौकरी ज्वाइन कर ली। उसका कथित प्रेमी राज भी पीछे-पीछे भोपाल पहुंच गया और उसकी नौकरी छुड़वा कर उसे अपने साथ किराये के मकान में लेकर रहने के लिए राजी कर लिया। राज युवती से लगातार शादी करने और जीवन भर साथ निभाने का वादा करता रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### शिक्षक बच्चियों को करता है बैड टच, पिता संग थाने पहुंचकर छात्राओं ने बताई सर की करतूत

सागर जिले में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पर छात्राओं के साथ गलत हरकत करने का आरोप लगा है। छात्राओं ने शिक्षक द्वारा गलत तरीके से छूने की शिकायत अपने माता-पिता से की, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। जिले की एक सरकारी स्कूल में शिक्षक द्वारा छात्राओं को गलत तरीके से छूने और गलत हरकत करने का मामला सामने आया है। शिक्षक के बैड टच और उसकी मंशा को छात्राओं ने उसके छूने के तरीके से समझ लिया और घर जाकर माता-पिता को सारी बात बताई। इसके बाद पिता छात्राओं को लेकर थाने पहुंचे और शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार बीना के खिमलासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाली दो छात्राओं ने स्कूल के एक शिक्षक पर उन्हें गलत तरीके से छूने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। प्राथमिक स्कूल में इस तरह की हरकत की जानकारी लगते ही पुलिस भी हतप्रभ रह गई। मामला गंभीर है इस कारण पुलिस ने छात्राओं और पिता को तत्काल खुरई शहरी थाने भिजवाकर बयान दर्ज कराए हैं।



### बाढ़ से बचाव के लिए उपमुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

## बोले-रीवा में नदी के ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण को रोकें व चौड़ीकरण की योजना बनाएं



रीवा दोपहर मेट्रो

रीवा शहर में गत दिनों अत्यधिक वर्षा के कारण जलभराव होने से कई मोहल्ले प्रभावित हुए थे और बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में बाढ़ से बचाव के लिये विचार मंथन किया गया तथा वर्ष 2016 की बाढ़ के उपरांत सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ से बचाव के लिये बनाए गये प्रोजेक्ट में सुझाये गये बिन्दुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ से बचाव के लिये आवश्यक कार्य के लिए दिशा निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में नदी के किनारे ग्रीन वेल्ट में अतिक्रमण को रोकें ताकि नदी का प्रवाह अवरूद्ध न हो। उन्होंने उन्नत पुल से आगे करहिया की तरफ नदी के प्रवाह में पद्मधर कालोनी से लगे किनारे को दोनों तरफ चौड़ा करने की कार्ययोजना पर कहा कि शासकीय भूमि के अतिरिक्त निजी भूमि स्वामियों की सहमति से चौड़ीकरण कार्य कराया जाय ताकि बार बार आने वाली बाढ़ से मुक्ति मिले। उन्होंने करहिया पुल के नीचे बने वक्से के अवरोध को हटाने तथा चौड़ाई के बाद चैनलिंग करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि उन्नत पुल से करहिया पुल तक तथा उससे आगे बायपास पुल तक नदी को चौड़ा किये जाने की कार्ययोजना बनाई जाय। नदी के अपस्ट्रीम में पूर्व के निर्मित तीन बांधों के वेस्ट वेयर, बंड को दुरूस्त करने तथा गेट बंद करने की कार्ययोजना भेजें ताकि उन बांधों में वर्षा का जल संग्रहित हो और नदी में ज्यादा पानी न आये और बाढ़ की स्थिति निर्मित न हो।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एलए का प्रस्ताव बनायें तथा बांधों के वेस्ट वेयर, बंड को दुरूस्त करने की भी कार्ययोजना प्रस्तुत करें। पूर्व मुख्य अभियंता आर.एन. शर्मा ने बाढ़ रोकने के लिये बनाये गये प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण कर आवश्यक सुझाव दिये।

## आरंभ ग्रुप ने देवझिरी से भीमकुंड तक निकाली कांवड़ यात्रा, हुआ भव्य स्वागत



**खंडवा।** श्रावण मास में जगह-जगह पर कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। छैगांवमाखन स्थित दिव्य बालाजी नगर में आरंभ ग्रुप द्वारा आयोजित दूसरी वार्षिक कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह पवित्र कांवड़ यात्रा देवझिरी महादेव से शुरू होकर भीमकुंड महादेव तक निकाली गई। जिसमें शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस यात्रा में 12 फीट ऊँची आदियोगी की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे ग्वालियर से मंगवाया गया था। इसके साथ ही एक गजराज (हाथी) भी यात्रा में सम्मिलित रहा। इस भक्ति यात्रा के दौरान बालाजी ग्रुप, खंडवा ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन कर भोजन प्रसादी कराई, जो सेवा भाव और समर्पण का अनुपम उदाहरण बना। सुनील जैन ने बताया कि कावड़ यात्रा बालाजी धाम कॉलोनी से भी होकर गुजरी जहाँ बालाजी ग्रुप द्वारा पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया।

## महादेवगढ़ से इतवार बाजार तक 9.58 लाख से बनी सीसी सड़क का हुआ लोकार्पण



**खंडवा।** नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा शहर के अधोसंरचना विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए महादेवगढ़ से इतवार बाजार तक निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर अमृता अमर यादव ने की। उनके साथ सदस्य अनिल वर्मा, सोमनाथ काले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं निगम अधिकारीगण उपस्थित रहे। महापौर अमृता अमर यादव ने लाल रिबन काटकर सड़क का उद्घाटन किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने ताली बजाकर जोरदार स्वागत एवं शुभकामनाएं दीं। यह सड़क 9,58,000 की लागत से निर्मित की गई है जिसकी लंबाई 142 मीटर एवं चौड़ाई 7 मीटर है। इस निर्माण से न केवल क्षेत्रीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी बल्कि स्थानीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

## अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने सिंहस्थ 2028 को लेकर ओंकारेश्वर का किया निरीक्षण

खंडवा। दोपहर मेट्रो

थाना मांधाता क्षेत्रांतर्गत ओंकारेश्वर में आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुये सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) मप्र पुलिस साईं मनोहर, पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण जोन इंदौर अनुराग, उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा,पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय, कलेक्टर खंडवा ऋषव गुप्ता सहित जिले के अन्य पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था,कानून व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण हेतु होल्ड अप एरिया, पार्किंग तथा अतिरिक्त पार्किंग एरिया, नवीन घाटों के निर्माण एवं पुलिस के ऑफिसर्स मेस, कंट्रोल रूम, बेरक तथा निवास हेतु क्वार्टर, नवीन चौकी निर्माण आदि के स्थानों के चयन हेतु क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।



## सिवनी मालवा में जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, जुआरियों को कार सहित पकड़ा

सिवनी मालवा। दोपहर मेट्रो

सादी वर्दी में 407 वाहन मे पुलिस पहुंची और जुआरियों की फड़ से 4 जुआरियों पकड़ कर 3300 सौ रुपए और 52 ताश के पत्ते जप्त किए गए। घटना बीती रात की है। नवगत थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बताया कि बिल्दी नाले के बगीचे के पास जुआ खेलने कि सूचना मिली थी जिस पर सादी वर्दी में एक 407 वाहन मे पुलिस पहुंची एवं जुआरियों पर कार्रवाई की। कई जुआरी मौके से फरार हो गए। वहीं 4 जुआरियों को पकड लिया जिनपर जुआ एक्ट कि धारा 381/25 एक्ट लगाई गई। जुआ खेल रहे रमजान पिता मुंशी खा उम्र 40 वर्षीय, अनवर उर्फ राजा अख्तर खा उम्र 35 वर्षीय नागा



मोहल्ला जुमेराती नर्मदापुरम,जयजीत राजपूत पिता रमेश सिंह राजपूत उम्र 35 वर्षीय कालीका नगर नर्मदापुरम आदित्य ग्रेवाल उम्र 24 वर्षीय आई टी आई रोड इशान परिसर नर्मदापुरम को पकड़ा गया। उनके पास से 33 सौ रुपए और 52 ताश के पत्ते और एक अल्टो कार जब्त कर जुआरियों को न्यायलय में पेश किया गया।

### मेट्रो एंकर — परंपरागत कृषि के साथ-साथ आधुनिक और प्रगतिशील खेती की ओर बढ़ते किसान

## प्रेरणा बन रहा है केंचुए से जैविक खाद निर्माण का अभिनव प्रयोग

मंदसौर। दोपहर मेट्रो

मध्य प्रदेश के किसान अब परंपरागत कृषि के साथ-साथ आधुनिक और प्रगतिशील कृषि भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंदसौर जिले के सेमलिया हीरा गांव निवासी किसान घनश्याम पाटीदार पूरी तरह से



केंचुए के माध्यम से जैविक खाद का निर्माण कर रहे हैं। इस कार्य के लिए इन्होंने पुणे और उदयपुर से प्रशिक्षण लिया। उसके पश्चात उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया। वहां से सम्पूर्ण जानकारी से साथ 2 किलो केंचुए मिले। वे जिसकी मदद से जैविक खाद का निर्माण कर रहे हैं। वर्ष भर में उन्होंने 600 कट्टे जैविक खाद का निर्माण किया। जिसको ये 600 से 700 रुपए प्रति कट्टे के भाव से अफीम की खेती करने वाले किसानों को विक्रय कर चुके हैं। जिससे इनको बहुत अच्छी आय प्राप्त हुई।

इनके पास 8 बीघा जमीन भी है। जिसमें ये जैविक खेती करते हैं। और अच्छे दामों पर उन



फसलों को बेचते हैं। उद्यानिकी विभाग के माध्यम से इन्होंने ड्रिप का भी लाभ लिया है। जिस पर उन्हें 16 हजार रुपए मिले। जिससे उन्होंने ड्रिप खरीदे। 8 हजार का अनुदान भी मिला। ड्रिप के माध्यम से सिंचाई करने से इनके पानी की बहुत बचत हुई है। इससे रबी की फसलों की पैदावार में वृद्धि हुई है। गोबर गैस का भी निर्माण करते हैं। जिससे घर की रसोई एवं समस्त कार्य गोबर गैस के माध्यम से हो जाता है। इनको अब बाहर से एलपीजी गैस क्रय करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

### पर्यावरण को ध्यान में रखकर किया नवाचार

पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सबसे महत्वपूर्ण नवाचार किया है। नरवाई को अब ये खेत में ही सड़ा देते हैं। पहले किसान नरवाई को खेत में जलाता था जिससे पर्यावरण प्रदूषण होता था। इसके लिए इन्होंने डी कंपोजर का निर्माण किया है। डी कंपोजर के छिड़काव से नरवाई खेत में ही सड़ जाती है और जैविक खाद बन जाती है। जो कि फसलों की पैदावार में सहायक होती हैं। जैविक खाद के निर्माण से इनको बहुत अच्छी आय प्राप्त हुई। इस कारण अब ये इस व्यवसाय को और बड़ा रूप देना चाहते हैं। घनश्याम पाटीदार का कहना है कि जैविक खाद के अंतर्गत अब हम प्रतिवर्ष 1000 से 1500 कट्टे का निर्माण करेंगे। उसके लिए एक छोटी यूनिट भी स्थापित करेंगे।

### भारत-इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में

# 89 साल से जीत को तरस रही टीम इंडिया, गिल-गंभीर की चिंता बढ़ाएंगे आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**भारत-इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाना है। 5 मैचों की इस सीरीज में टीम इंडिया 1-2 से पीछे चल रही है। यानी सीरीज पर कब्जा जमाने के लिहाज से दोनों ही टीमों के लिए ये मैच काफी अहम होने वाला है। लेकिन मैनचेस्टर में टीम इंडिया के आंकड़े बेहद निराशाजनक हैं। भारत ने अब तक ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर में कुल 9 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से 5 मुकाबले ड्रॉ रहे, जबकि 4 में हार का सामना करना पड़ा। अब तक भारत को इस ऐतिहासिक मैदान पर कोई टेस्ट जीत नसीब नहीं हुई है।**

**ऐसा रहा है भारत का सफर-** भारत ने यहां पहला टेस्ट 25 जुलाई 1936 को इंग्लैंड के खिलाफ खेला था, जब टीम का नेतृत्व महाराज विजयनगरम ने किया था। उस मैच में विजय मर्चेंट और मुश्ताक अली ने शतक लगाए, लेकिन वॉली हैमंड की 167 रनों की पारी की वजह से मैच ड्रॉ रहा।

भारत का सबसे खराब टेस्ट प्रदर्शन इस मैदान पर 1952 में देखने को मिला जब पूरी टीम पहली पारी में सिर्फ 58 रन पर सिमट गई थी। वहीं, सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर 432 रन भारत ने 1990 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया, जिसमें मोहम्मद अज़हरुद्दीन ने शानदार 179 रनों की पारी खेली थी। दिलीप दोशी का 6/102 (1982) इस मैदान पर भारतीय गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### पिछले मैच में कैसा था भारत का प्रदर्शन

इस मैदान पर भारत को दो बार पारी से हार का सामना करना पड़ा है। पहली बार 1952 में टीम इंडिया को यहां शर्मनाक हार मिली थी। लेकिन पिछली बार जब मैनचेस्टर में टीम इंडिया उतरी तो उसे एक बार फिर पारी से हार का सामना करना पड़ा। 2014 में भारत ने यहां अपना पिछला मैच खेला था। इस मैच में भारत को पारी और 54 रन से शिकस्त मिली थी।



### मैनचेस्टर के मैदान पर ऐसा रहा है प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 9 |
| इंग्लैंड ने जीते | 4 |
| ड्रॉ रहे | 5 |
| भारत ने जीते | 0 |

### वनडे में ऐसा रहा है प्रदर्शन

भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में अब तक 12 वनडे मुकाबले खेले हैं। इनमे से 6 में जीत मिली है और 6 में हार का सामना करना पड़ा है। पहली बार भारत ने इस मैदान पर 1975 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे खेला था, लेकिन पहली जीत 1983 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आई।



### जापान ओपन : सात्विक-चिराग और लक्ष्य सेन प्री-क्वार्टर फाइनल में

# सिंधु टूर्नामेंट के पहले राउंड से बाहर

**जापान, एजेंसी**

**ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु टोक्यो में हो रहे जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। उन्हें कोरिया की सिम यू-जिन ने लगातार दो गेम हरा दिया। मेंस डबल्स में सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी राउंड-16 में पहुंच गई हैं। वहीं मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन टूर्नामेंट के राउंड-16 में पहुंच गए हैं।**

दोनों ही गेम में भारतीय जोड़ी हावी रही सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बुधवार को मेंस डबल्स मैच में कि डोंग-जू और कांग मिन ह्युक की जोड़ी को 21-18 21-10 से हराकर अगले राउंड में अपना स्थान पक्का कर लिया। यह मैच 40 मिनट तक चला। दोनों ही गेम में रेड्डी और शेट्टी की जोड़ी कोरियाई खिलाड़ियों पर हावी रही।

लक्ष्य सेन ने वांग जिनसेंग को हराया लक्ष्य सेन ने पहले राउंड में चीनी खिलाड़ी वांग जिनसेंग को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। उन्होंने चीनी खिलाड़ी को 21-11, 21-18 से हराया।

पीवी सिंधु को सिम यू-जिन ने हराया विमेंस सिंगल्स में पीवी सिंधु को कोरियाई खिलाड़ी सिम यू-जिन से पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा। 37 मिनट तक चले इस मैच में दोनों ही गेम में कोरियाई खिलाड़ी हावी रहीं। उन्होंने पहले गेम में 21-15 और दूसरे में 21-14 से हराया। विमेंस डबल्स में हार वहीं विमेंस डबल्स रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की जोड़ी मंगलवार को शुरूआती दौर में ही जापान की कोकोना इशिकावा और मायको कावाजोई से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई।

### साल का आखिरी ग्रैंडस्लैम 24 अगस्त से

## भाग्य आजमाएंगे 10 पूर्व चैंपियन

न्यूयॉक। गत चैंपियन यानिक सिनर और एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व अमेरिकी ओपन विजेताओं में शामिल हैं, जो अगले महीने होने वाले वर्ष के इस अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रवेश सूची जारी की है जिसमें 18 पूर्व ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में सीधा प्रवेश 14 जुलाई तक की रैंकिंग पर आधारित था। पुरुषों के लिए कटऑफ 101 और महिलाओं के लिए 99 नंबर था। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने हाल में विंबलडन फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को हराकर अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका विंबलडन के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से हार गईं, जो सातवें नंबर पर हैं और शीर्ष आठ में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं। अमेरिका के सर्वाधिक 30 खिलाड़ियों (16 महिला, 14 पुरुष) को सीधे प्रवेश मिला है।

# स्ट्राइकर दीपिका ने मैजिक स्किल पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया।**



दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया। दीपिका ने कहा, यह पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। नीदरलैंड जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल करना मेरे लिए सचमुच में विशेष पल था और अब यह सम्मान पाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने साथियों, कोचों, परिवार और दोस्तों का शुक्रिया अदा करती हूं जो हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते रहते हैं।% उन्होंने कहा, %यह पुरस्कार सिर्फ़ मेरा नहीं है, यह भारतीय हॉकी का है। आइए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें।

## ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर डोपिंग मामले में चार साल का प्रतिबंध

लंदन। खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए।मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी।



### मनोरंजन

### बॉलीवुड का कोना



## मशहूर एक्टर ने रचाई 4 शादी, तीसरी पत्नी को किया प्रताड़ित, लगाए गंभीर आरोप


साउथ एक्टर बाला की एक्स वाइफ एलिजाबेथ उदयन ने हॉस्पिटल के बेड से एक परेशान करने वाला वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बाला पर धोखा देने और फिजिकली प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। ये भी कहा कि अगर उन्हें कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार बाला होंगे। एक्टर की एक्स वाइफ ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि क्या मरने से पहले मुझे इंसाफ मिल पाएगा? ये भी कहा कि इस देश में सिर्फ अमीरों को ही इंसाफ मिलता है? वो कहती हैं कि मैं मजबूरी में इस कंडीशन में वीडियो बना रही हूं। चीजें मेरी बर्दाशत से बाहर हो चुकी हैं। मुझे धमकी भरे वीडियो मिल रहे हैं। मेरे खिलाफ केस किए जा रहे हैं। मुझसे कहा गया कि अपने परिवार की सुरक्षा करो। मुझे पैसे चूसने वाली जोंक तक कह दिया गया। एक्टर की एक्स वाइफ ने कहा कि बाला का कहना है कि उनकी शादी नहीं हुई है। ना ही कोई समारोह हुआ था। वो कहते हैं कि मैं उन्हें लेकर मनगढ़त कहानियां बना रही हूं। जबकि वो मुझे लोगों से अपनी पत्नी के तौर पर मिलवा चुके हैं। मेरे साथ कई इंटरव्यू और शोज कर चुके हैं। आगे वो कहती हैं कि अगर मुझे कुछ भी होता है, तो इसके जिम्मेदार बाला होंगे। पुलिस मेरी शिकायत दर्ज नहीं कर रही है। इसे लेकर मैंने मुख्यमंत्री से शिकायत भी की थी। इसके बाद मेरी शिकायत डीवाईएसपी ऑफिस को भेज दी गई। वो एक बार पूछताछ के लिए मेरे घर आए। इसके बाद कोई जानकारी नहीं दी गई।

### अहान पांडे के इंटीमेट सीन पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

# 2 दिन बाद रिलीज हो रही है सैयारा

डायरेक्टर मोहित सुरी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म सैयारा, 18 जुलाई के दिन थियटर्स में रिलीज हो रही है। फिल्म से %पांडे परिवार% का लाड़ला बेटा अहान पांडे डेब्यू करने जा रहे हैं। अहान के साथ फिल्म में अनीत पड्डा भी हैं। दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री ने फैन्स के बीच खलबली मचाई हुई है। हर किसी को इनकी जोड़ी अच्छी लग रह है।

फिल्म का सेंसर प्रोसेस पूरा हो चुका है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कुछ सीन्स डिलीट करने की मांग की है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे U/A 16+ सर्टिफिकेट दिया है। मेकर्स को फिल्म में कुछ बदलाव करने के लिए कहा गया है। चार जगहों पर विवादित शब्दों को बदलने के लिए कहा है। हालांकि, लिस्ट में ये नहीं बताया गया है कि आखिर उनकी जगह और क्या शब्द इस्तेमाल में लाए जा सकते हैं। इसके अलावा फिल्म में 10 सेकेंड के सेंशुअल, इंटीमेसी, बॉडी एक्स्पोजिंग विजुअल्स को हटाने के लिए कहा है। साथ ही जिस सीन में बाइक पर हीरो-हीरोइन हैं, वहां पर हेलमेट सेफ्टी के लिए डिस्क्लेमर डालने के लिए कहा है। जब ये सारे बदलाव फिल्म में कर दिए जाएंगे, तब जाकर फिल्म के मेकर्स को सेंसर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की लंबाई 156.50 मिनट्स लिखी है। यानी की 2 घंटे, 36 मिनट और 50 सेकेंड लंबी है ये फिल्म। सेंसर बोर्ड की ओर से ये इकलौती फिल्म नहीं, जिसके इंटीमेट सीन्स पर कैंची चलाई जा रही है। इससे पहले फिल्म %सुपरमैन% से भी CBFC ने 33 सेकेंड का लंबा इंटीमेट सीन हटाने के लिए कहा था। तब जाकर फिल्म को U/A 13+ सर्टिफिकेट दिया था।



### सैयारा की होने वाली है बड़ी ओपनिंग

फिल्म एक बड़े बजट में बनी है। जिस तरह से फैन्स के बीच इस फिल्म को लेकर चर्चा हो रही है, उसके मुताबिक, ये एक बड़े लेवल पर ओपनिंग कर सकती है। कयास लगाए जा रहे हैं कि डबल डिजिट्स में इसकी ओपनिंग हो सकती है। बुधवार के दिन फिल्म की 45 हजार टिकट्स बिकी हैं। इसके अलावा 33,500 टिकट्स पीवीआर आयनोक्स, 11,500 टिकट्स सिनेपॉलिस में बिकी हैं। 2,059 टिकट्स मूवीमेक्स चेन में बिकी हैं।



### मेट्रो बाजार

## आरबीआई फिर घटा सकता है रेपो रेट, रिपोर्ट में हुआ दावा

**नई दिल्ली।** अगर आप घर खरीदने या लोन लेने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस साल दिसंबर में रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की और कटौती कर सकता है। एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 के अंत तक रेपो रेट 5.25 फीसदी तक आ सकती है।

**महंगाई में गिरावट बना कारण** जून 2025 में खुदरा महंगाई की दर 2.1 फीसदी रही, जो मई में 2.8 फीसदी थी। खाने-पीने की चीजों की कीमतों में गिरावट इसका प्रमुख कारण रही। एसएचबीसी का अनुमान है कि 2025 की दूसरी तिमाही में औसत मुद्रास्फीति 2.7 फीसदी रहेगी, जो आरबीआई के अनुमान (2.9 फीसदी) से कम है।



**बैठकें और अनुमान-** एचएसबीसी का कहना है कि अगस्त और अक्टूबर की एमपीसी बैठकों में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन दिसंबर में आखिरी कटौती की उम्मीद है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक इंटरव्यू में कहा कि कम होती महंगाई और विकास दर में नरमी दोनों ही रेपो रेट में संभावित कटौती के आधार हो सकते हैं। 'फरवरी और अप्रैल 2025 में फइक ने रेपो रेट में कुल 0.50 फीसदी की कटौती की थी 'जून 2025 में एक और 0.50 फीसदी कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.50 फीसदी पर आ गई है।

## आठ साल बाद जीएसटी में होने जा रहा सबसे बड़ा बदलाव, पीएमओ की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस बदलाव को हरी झंडी दे दी है। अगस्त में संसद के मानसून सत्र के बाद होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में 12फीसदी टैक्स स्लैब को हटाने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। सूत्रों की मानें तो जीएसटी लागू होने के आठ साल बाद यह पहला बड़ा बदलाव होगा।



**क्या हो सकता है बदलाव?-** वर्तमान में जीएसटी में पांच प्रमुख स्लैब हैं- 0ब, 5फीसदी, 12फीसदी, 18फीसदी और 28फीसदी। प्रस्ताव के तहत 12फीसदी के स्लैब को हटाकर इसमें आने वाले उत्पादों को या तो 5फीसदी या 18फीसदी में डाला जाएगा। इससे टैक्स सिस्टम को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

**क्यों किया जा रहा है ये सुधार?-** टैक्स ढांचे को सरल करने, प्रक्रियाओं को आसान बनाने और व्यापारियों को राहत देने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। सरकार का मानना है कि स्थिर टैक्स व्यवस्था और मजबूत अर्थव्यवस्था ऐसे सुधारों के लिए अनुकूल समय है। पिछले कुछ महीनों में उद्योग जगत ने सरकार से जीएसटी ढांचे में संशोधन की मांग की थी, खासकर टैक्स स्लैब और प्रक्रियाओं को लेकर। इस बदलाव से कारोबारी माहौल बेहतर होने की उम्मीद है।

**मुआवजा उपकर की भी समीक्षा-** 28फीसदी स्लैब में आने वाले उत्पादों पर लगा मुआवजा उपकर भी समीक्षा के दायरे में है। यह उपकर राज्यों को जीएसटी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए लगाया गया था।

# मानसिक संतुलन बिगड़ने से युवती ने लगाई फांसी

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित विध्या नगर सी सेक्टर में बुधवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।



प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और विदिशा में एक डॉक्टर के पास उसका इलाज भी चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुरभि मलालिया पिता स्वर्गी राजकुमार मलालिया (29) हाउस नंबर 142 विध्या नगर, सी सेक्टर में किराए से रहती थी। उसके साथ मां और भाई विवेक रहता था। विवेक खुद की गाड़ी कैब में चलाता है। मां प्राइवेट काम करती है। सुबह मां काम पर चली गई थी। विवेक भी गाड़ी लेकर निकल गया था। दोपहर में विवेक ने सुरभि के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन उसका कॉल नहीं लग रहा था। वह उसे देखने के लिए घर पहुंचा। इस दौरान उसने सुरभि की लाश कमरे में पंखे के सहारे दुपट्टे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद सुरभि का शव एम्स मचूर्री भेज दिया था। वहां पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है।

# कबाड़ा बीनने के बहाने सूने मकान में रैकी फिर मौका मिलते ही वारदात



**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस ने सूने मकानों से चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। चोर कबाड़ा बीनने की आड़ में सूने मकानों की रैकी करते थे और बाद में मौका मिलते ही मकान का ताला तोड़कर सामान चुरा लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस एक लाख रुपए का सामान बरामद किया है। आरोपी काफी समय से सूने मकानों मे चोरी की घटनाओ को अंजाम दे रहे थे । दो शातिर गिरफ्तार, एक लाख का माल भी बरामद पुलिस के अनुसार साकेत जैन पिता आर के जैन (48) कुंजन नगर बागसेवनिया में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे व्यवसाई हैं। 10 जुलाई को वे अपने मकान में आए और मकान देखकर रात करीब 10 बजे गेट पर ताला लगाकर अपने दूसरे मकान शुभालय विहार बावड़िया कला चले गए। अगले ही दिन सुबह कुंजन विहार पहुंचे तो मकान का ताला टूटा हुआ था। अन्दर जाकर देखा तो समान बिखरा पड़ा था। समान चेक करने पर घर अन्दर रूम में रखी एमआई कम्पनी टीवी ,डीवीडी प्लेयर , एक पीतल का बडा दीपक , पीतल एंटिक फोटो फ्रेम घर के अन्दर नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा मेरे घर के अन्दर ताला तोड कर समान चोरी कर ले गया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की। इस दौरान घटनास्थल का निरीक्षण किया गया । आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो का चेक किए गए।

# 12 साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी फूफा को 20 साल की जेल

**भोपाल।** 12 साल की मासूम से दुष्कर्म करने वाले आरोपी फूफा को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में आरोपी पर एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया है। विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। आरोपी पर एक लाख रूपए का जुर्माना भी लोक अभियोजक के अनुसार, 11 जुलाई 2023 को पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट की थी कि पीड़िता अपनी सहेली के बर्ड्थे पर जाने का बोल कर गई थी। पुलिस थाना द्वारा गुम होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस पीड़िता को खोज निकाला था। जिसके बाद पीड़िता ने बताया कि फूफा इमरान ने लगभग 1 माह पहले उससे कहा थी कि वह उससे मोहब्?बत करते है और निकाह करना चाहता है, तुम्?हारी फूफी से परेशान हो चुके है। उनकी बातों मे आकर उनके साथ फोन पर बात करने लगी। ईद के दिन जब मेरी अम्?मी ने हमारी बाते सुनी तो उन्?होंने मुझे समझाया। 11 जुलाई 2023 को जब वह अपने घर पर थी तब उसके फूका आये और बोले कि अपन आगरा चलेगे। इसके बाद इमरान फूफा के कहने पर घर से सहेली के बर्थडे का कहकर निकल गई और रास्ते मे इमरान फूका मिले और उसे अपने साथ स्टेशन से ट्रेन में अजमेर शरीफ दरगाह ले गये और वहाँ एक कमरा लिया।

## कपड़ों के व्यवसाय में घाटा होने और आनलाइन सट्टे में नुकसान से बना चोर

# महिला यात्री का पर्स चुराने वाला धराया, 12 लाख के जेवर बरामद

■ **जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के बीना छोर से दबोचा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जीआरपी भोपाल की टीम ने भोपाल रेलवे स्टेशन के बीना छोर से एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके पास पौने 12 रुपए के जेवर बरामद किए है। आरोपी ने उक्त जेवर राजधानी एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला के पर्स सहित चुराए थे। घटना की शिकायत महिला यात्री ने हजरत निजामुद्दीन जीआरपी में दर्ज की थी। वहां से केस डायरी मिलने पर जीआरपी भोपाल हरकत में आई और सीसीटीवी कैमरे चेक करने के बाद आरोपी को बीना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर चुराए गए जेवर बरामद कर लिए। एसपी रेल राहुल कुमार लोढा ने बताया कि 19 जून को दिल्ली निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी के साथ राजधानी एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। उनका कोच बी-9, पर सीट 65-66 पर रिजर्वेशन था। दंपती को सिकंदराबाद से हजरत निजामुद्दीन जाना था। भोपाल रेलवे स्टेशन निकलने पर ओम प्रकाश ने देखा तो उनकी पत्नी का लेडिस पर्स चोरी हो चुका था। लेडीज पर्स में सोने के चार कंगन, एक सोने का हार व ईयरिंग, सोने मंगलसूत्र, सोने की झुमकी, पंद्रह हजार रुपए की नगदी



सहित बारह लाख का सामान था। इसके अलावा मोबाइल भी था। हजरत निजाजमुद्दीन में राजधानी एक्सप्रेस पहुंची और दंपती ने जीआरपी को शिकायत की। घटनास्थल भोपाल होने के कारण जीआरपी हजरत निजामुद्दीन ने केस डायरी भोपाल जीआरपी को भेजी। जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज किया और टीम का गठन किया। टीम ने रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो एक संदिग्ध ट्रेन से उतरते हुए नजर आया। संदिग्ध की निगरानी के लिए पुलिस ने और भी सीसीटीवी फुटेज देखे। इसके बाद 15 जुलाई को सीसीटीवी फुटेज में मौजूद संदिग्ध को भोपाल रेलवे स्टेशन के बीना छोर से पकड़कर हिरासत में लिया। पूछताछ में संदिग्ध ने चोरी करने की बात स्वीकार ली। आरोपी की पहचान 37 साल के दीपक तुलसवानी, चकरभाटा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के रूप में कर ली गई। आरोपी से चुराए गए 11 लाख 75 हजार रुपए के जेवरात बरामद किए है।

### बिलासपुर में थी कपड़े की दुकान

भोपाल जीआरपी थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि आरोपी दीपक तुलसवानी बिलासपुर में कपड़े की दुकान चलाता था। दुकान में नुकसान हुआ तो उसने आनलाइन कपड़ें बेचने का काम किया। इसी बीच उसे ऑनलाइन सट्टा खेलने का शौक हो गया और वह उसमें बड़ी रकम हार गया। नुकसान की भरपाई करने उसे ट्रेनों में चोरी करनी शुरू कर दी थी। आरोपी प्लेटफार्म पर यात्रियों की तरह टीसी से बातचीत करता था और सीट मांगता था। इसके अलावा स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में भी वह चढ़कर यात्रियों पर नजर रखता था। इस दौरान पर्स बैग जो भी मिले उसे चुरा लेता था।

## बिजली चोरी सूचना सही मिलने पर 5 फीसदी ईनाम राशि तत्काल

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को दी जाने वाली 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से पांच प्रतिशत का भुगतान सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर तुरंत बाद किया जा जाएगा। कंपनी के मुताबिक अप्रैल से अब तक 5 सफल सूचनाकर्ताओं को 11,500 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए गए हैं। इसके साथ ही जांच एवं वसूली की कार्यवाही करने वाले संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी 3 हजार की प्रोत्साहन राशि का भुगतान उनके मासिक वेतन में जोड़कर किया गया है। कंपनी द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व कुल 63 प्रकरणों में पूर्ण राशि का भुगतान प्राप्त होने पर 7 सफल सूचनाकर्ताओं को उनके खाते में 2 लाख 18 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है।

# आंगनवाड़ी सुपरवाईजर के घर से एक लाख नगदी व जेवरात चोरी

**बैरसिया की कृष्णा कॉलोनी में दिनदहाड़े बदमाशों ने की वारदात**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा कॉलोनी में बुधवार दिनदहाड़े आंगन वाड़ी सुपरवाईजर के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश एक लाख रुपए की नगदी और जेवरात चुराकर ले गए। बदमाश उनके घर से करीब तीन लाख रुपए का सामान चुराकर ले गए हैं। घटना के समय वह अपने पति के साथ फिल्ड पर गईहुई थी। शाम को ड्यूटी से लौटी तो घर के ताले टूटे मिले।**

पुलिस ने उनकी शिकायत पर नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गौरी भौरे पति रमेश भौरे (56) कृष्णा कॉलोनी बैरसिया में रहती हैं। वे आंगन वाड़ी सुपरवाईजर है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पति रमेश भौरे सीआईएसएफ से रिटायर्ड है। गुरुवार सुबह 11 बजे वह पति के साथ अपने क्षेत्र में फिल्ड पर गईथी। वहां से शाम करीब 4 बजे के आसपास घर लौटी तो मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा मिला। दंपती ने अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ाथा। अज्ञात बदमाश उनके घर की गोदरेज अलमारी में रखी एक लाख रुपए की नगदी, सोने के कड़े, मंगलसूत्र और अंगूठी चुराकर ले गए थे।




### पिपलानी और छोला मंदिर में भी लाखों की चोरी

देहात क्षेत्र के अलावा राजधानी के नए और पुराने शहर में भी दो सूने मकानों से लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों की प्रकरणों में नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पिपलानी पुलिस ने बताया कि सिद्धार्थ लेक सिटी निवासी अमित कुमार झारखडियां के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश 24 हजार रुपए की नगदी सहित पुराने इस्तेमाली जेवर चुराकर ले गए। एक अन्य वारदात छोला मंदिर में हुई?और यहां राधा कृष्णपुरम कॉलोनी में रहने वाले सियाराम कुशवाह के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी चुराकर ले गए। पुलिस ने बताया कि बड़ी चोरी होने के कारण फरियादी ने अभी चोरी गए सामान की लिस्ट नहीं दी है।

# अवसर का महाकुंभ: आरएनटीयू में मेगा ओपन जॉब फेयर




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) मेंबुधवार को दो दिवसीय मेगा ओपन जॉब फेयर-2025 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नर्मदापुरम लोकसभा के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की पहलें वास्तव में राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

सपनों को केवल देखने से नहीं, बल्कि कठिन परिश्रम और निरंतर सीखने की भावना से ही साकार किया जा सकता है। मध्यप्रदेश में असीम संभावनाएं हैं और यह संस्थान इन संभावनाओं को मूर्त रूप देने का माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षण संस्थान और औद्योगिक इकाइयां एक साझा मंच पर आती हैं, तब एक आत्मनिर्भर भारत की नींव और भी सुदृढ़ होती है।

कार्यक्रम का उद्देश्य देश के नवोदित स्नातकों और शिक्षार्थियों को रोजगार एवं इंटर्नशिप के समुचित अवसर प्रदान करना था, जिससे वे अपने करियर की एक मजबूत नींव रख सकें। शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नर्मदापुरम लोकसभा के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विश्वविद्यालय की उपकुलाधिपति डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरु डॉ. रवि प्रकाश दुबे, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, आईसेक्ट समूह के प्लेसमेंट हेड उद्दीपन चटर्जी और विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट हेड अभिषेक श्रोत्री उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** एम्स अस्पताल के गेट के सामने लूट

# डिलीवरी ब्वॉय को धक्का मार पार्सल छीनकर भागे बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में लूटपाट और झपटमारी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बागसेवनिया स्थित एम्स अस्पताल के गेट के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने एक डिलीवरी ब्वाय को धक्का देकर गिरा दिया और हाथ से पार्सल छीनकर भाग निकले। लूटे गए पार्सल में टाइटन कंपनी की दो घड़ियां थी, जिनकी कीमत आठ हजार से ज्यादा बताई गई है। पुलिस ने घटना की तस्दीक करने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर लिया है। मोबाइल नंबरों के आधार पर आरोपियों की तस्दीक की जा रही है।



जानकारी के अनुसार अवधपुरी निवासी देवेंद्र अहिरवार ऑनलाइन शापिंग कंपनी फ्लिपकार्ट में डिलीवरी ब्वाय का काम करता है। पिछले दिनों दो युवकों ने एक साथ फ्लिपकार्ट के माध्यम से टाइटन कंपनी की दो घड़ियों का आर्डर दिया था। बीती ग्यारह जुलाई को देवेंद्र ने दोनों नंबरों पर संपर्क किया तो युवकों ने कहा कि वह एम्स अस्पताल में हैं। उन्होंने डिलीवरी देने के लिए देवेंद्र को भी एम्स अस्पताल के गेट नंबर दो के सामने बुला लिया। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे देवेंद्र पार्सल लेकर गेट के सामने पहुंचा, जहां दोनों युवक मिले। उन्होंने पार्सल चैक करने के बाद देवेंद्र को भुगतान करने के बजाए उसे धक्का देकर गिरा और पार्सल लेकर बाइक पर बैठकर भाग निकले। देवेंद्र ने बागसेवनिया थाने जाकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है। जिन नंबरों से आर्डर बुक किया गया था, उनके आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि एक आरोपी शाहजहांनाबाद और दूसरा मिसरोद इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा करने का दावा किया है। उल्लेखनीय है कि जुलाई महीने में एक पखवाड़े के भीतर शहर में लूटपाट की कुल 9 वारदातें हो चुकी हैं।

# पीजी के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण शुरू, 31 तक मौका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय वार रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जायेगा। विद्यार्थी रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। मेरिट लिस्ट जारी होने के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की दशा




में, पुनः रीचॉइस करनी होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रम (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एमपीएड, बीएड एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय ) एवं बी.एल.एड. तथा बी.एड. (अंशकालीन तीन वर्षीय) संचालित करने वाले शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। विद्यार्थी 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे।

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
खुली निविदा क्रमांक: WCR-CRWS-CAMC-EOT-24-20R
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः काम्प्रिहेंसिव एनुवल मेंटेनन्स कॉन्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 20 नंबर्स क्रेंस (19 ईओटी एंड 1 गोलियाथ) अलांग विथ डीएसएल फॉर 03 इयर्स एट सीआरडब्ल्यूएस/बीपीएल। कार्य की लागतः ₹ 79,27,051.20, निविदा फार्म का मूल्यः 0.00. धरोहर राशिः ₹ 1,58,600/-. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 36** माह। **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समयः 25.07.2025/08.08.2025** को **15.00** बजे तक। **निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः 08.08.2025** को **15.30** बजे। निविदा तथा निविदा प्रारुप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
*मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, भोपाल.*
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022